RNI: UPHIN/2015/60902

राजधानी से प्रकाशित हिन्दी दैनिक


www.theachivertimes.com

डाक पंजीयन संख्या
एस.एस.पी.एल.डब्लू/एन
पी.439/2015-2017

वर्ष : 9 अंक : 239
पृष्ठ : 8 मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 22 दिसम्बर, 2023

# द अचीवर टाइम्स



## एक नज़र

### अलर्ट जारी होने बाद शहर में कोविड का पहला केस मिला

**लखनऊ।** लखनऊ में आलमबाग इलाके में एक महिला में कोरोना वॉयरस जांच में मिला है। वह होम आईसोलेशन में हैं। स्वास्थ्य विभाग के अफसरों ने नमूना जिनोम सीक्वेंसिंग के लिए केजीएमयू भेजा गया है। अफसरों का कहना है महिला में हल्के लक्षण हैं। उसकी सेहत की निगरानी की जा रही है। कोरोना के नए वैरिएंट जेएन 1 को लेकर देशभर में अलर्ट है। चंदरनगर निवासी महिला को पिछले हफ्ते सर्दी-जुकाम व बुखार के लक्षण हुए। नजदीकी डॉक्टर से दवा ली मगर फायदा न हुआ। शक होने पर डॉक्टर ने कोरोना की जांच कराई। महिला की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. निशांत निर्वाण का कहना है कि महिला पूरी तरह से स्वस्थ है। उसमें कोरोना जैसे गंभीर लक्षण नहीं है। टीम जरिए कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग की जा रही हैं। फोन पर

## अंतर्राष्ट्रीय पटल पर पहलवानी में तिरंगा लहराने वाली साक्षी मलिक ने कहा अलविदा कुश्ती

# बृजभूषण के करीबी के WFI अध्यक्ष बनने पर उठाया कदम

**पहलवानों ने इस साल बृजभूषण शरण के खिलाफ ही मोर्चा खोला था और दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना-प्रदर्शन किया था। अब उनके ही करीबी के अध्यक्ष बनने पर साक्षी ने संन्यास का फैसला कर लिया।**





एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत की अनुभवी पहलवान साक्षी मलिक ने कुश्ती से संन्यास का एलान कर दिया है। भारतीय कुश्ती संघ के चुनाव गुरुवार (21 दिसंबर) को संपन्न हुए। संजय सिंह नए अध्यक्ष बने हैं। वह पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के करीबी हैं। पहलवानों ने इस साल बृजभूषण शरण के खिलाफ ही मोर्चा खोला था और दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना-प्रदर्शन किया था। अब उनके ही करीबी के अध्यक्ष बनने पर साक्षी ने संन्यास का फैसला कर लिया।

पहलवान साक्षी मलिक ने दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ÷हम 40 दिनों तक सड़कों पर सोए और देश के कई हिस्सों से बहुत सारे लोग हमारा समर्थन करने आए। अगर बृज भूषण शरण सिंह के बिजनेस पार्टनर और करीबी सहयोगी को कुश्ती संघ का अध्यक्ष चुना जाता है, तो मैं कुश्ती छोड़ती हूं। हमारा समर्थन करने वाले सभी लोगों को धन्यवाद। लड़ाई पूरे दिल से लड़ी। अगर अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह जैसा आदमी ही रहता है तो मैं अपनी कुश्ती को त्यागती हूं। इसके बाद साक्षी पति सत्यव्रत कादियान के साथ रोते हुए चली गईं। बजरंग ने इस दौरान यह भी कहा कि उन्हें अपनी जान का भी खतरा है। उन्होंने यह भी कहा कि यह लड़ाई राजनीतिक नहीं थी। वह विश्वास दिलाते हैं कि आने वाले समय में वह किसी भी राजनीतिक पार्टी के साथ खड़े नजर नहीं आएंगे। विनेश ने कहा कि हम एक महिला अध्यक्ष चाहते थे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। साक्षी के संन्यास के बारे में जब बृजभूषण शरण सिंह से पूछा गया तो उन्होंने कहा, उससे मेरा क्या लेना-देना। संजय सिंह ने अध्यक्ष बनने के लिए राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता अनीता श्योराण को मात दी। बुधवार तक सर्वसम्मति से चुनाव की कोशिशें होती रहीं, लेकिन इसमें सफलता नहीं मिली। संजय सिंह ने दावा किया था कि उनका खेमा चुनाव में हर पद पर जीतेगा और उन्होंने खुद जीत हासिल कर इसे सच साबित किया।

संजय सिंह का वाराणसी में सांस्थानिक व्यवसाय है और वह आरएसएस से जुड़े हुए हैं। माना जा रहा है कि संजय कुश्ती संघ के नीतिगत फैसलों में बृजभूषण की राय लेकर काम करेंगे। संजय की जीत के बाद भारतीय ओलंपिक संघ के परिसर में हर हर महादेव, जय श्रीराम के नारे लगे। संजय के समर्थकों ने उन्हें कंधे पर बिठाकर संजय भइया क्या लेकर चले, बृजभूषण की खड़ाऊं साथ लेकर चले, के नारे लगाए। यह सिलसिला बृजभूषण के आवास पर पहुंचने के दौरान भी जारी रहा।

### एमपी के सीएम को पांच मत मिले

चुनाव में उपाध्यक्ष पद पर पूर्व पहलवान जयप्रकाश (37), असित कुमार साहा (42), दो बार के एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता पहलवान करतार सिंह (44), एन फोनी (38) को जीत मिली। उत्तराखंड के सत्यपाल सिंह देशवाल ने कोषाध्यक्ष पद पर जम्मू कश्मीर के दुष्यंत शर्मा को 34-12 से हराया। चुनाव में उपाध्यक्ष पद पर मध्य प्रदेश के मुख्य मंत्री डॉ. मोहन यादव भी खड़े हुए, लेकिन उन्हें पांच मत ही मिले।

### संजय सिंह को मिले 40 मत



**नई दिल्ली।** कुश्ती संघ के चुनाव में दांव पर लगे 15 पदों में से 13 पर बृजभूषण समर्थित उम्मीदवारों ने जीत हासिल की। उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष वाराणसी के संजय सिंह को 40 वोट मिले, जबकि उनके सामने खड़ीं राष्ट्रमंडल खेलों की विजेता पहलवान अनीता श्योराण को सात मत पड़े। अनीता को आंदोलनकारी बजरंग, विनेश और साक्षी का समर्थन प्राप्त था। हालांकि आंदोलनकारी पहलवानों के खेमे के माने जा रहे रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के सचिव प्रेमचंद लोचब और वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर हरियाणा के व्यवसायी देवेंद्र सिंह कादियान ने जीत हासिल की। प्रेमचंद ने दर्शन लाल को 27-19 से और देवेंद्र ने आईडी नानावती को 32-15 मतों से हराया। इन दोनों की जीत से यह भी साबित हुआ कि बृजभूषण और आंदोलनकारी पहलवानों के खेमे के बीच सुलह फार्मूला पर भी काम हुआ, लेकिन बृजभूषण खेमा अध्यक्ष पद छोड़ने को राजी नहीं हुआ। इसी पर बात बिगड़ गई।

# पुंछ में सैन्य वाहन पर घात लगाकर आतंकी हमला

## चार जवानों का बलिदान, दोनों ओर से गोलीबारी जारी



**ये हुए शहीद**

1.नायक बीरेंद्र सिंह (15 गढ़वाल राइफल)
2.नायक करन कुमार (एएससी)
3.राइफल मैन चंदन कुमार (89 आर्म्ड रेजीमेंट)
4. राइफल मैन गौतम कुमार 89 आर्म्ड रेजीमेंट)

**ये हैं घायल**

1. सिग्नल मैन सुंदीप कुमार (सिग्नल्स)
2.राइफल मैन श्याम सुंदर दास (88 आर्म्ड रेजीमेंट)
3. राइफल मैन टीडी भास्करराव (88 आर्म्ड रेजीमेंट)

26 महीने में चौथी बड़ी घटना, 19 जवान बलिदान

एजेंसी

**जम्मू।** पुंछ जिले के बफलियाज इलाके के सावनी क्षेत्र में वीरवार की शाम आतंकियों के घात लगाकर दो सैन्य वाहनों पर किए गए हमले में चार जवान बलिदान हो गए, जबकि तीन जवान घायल भी हुए हैं। दहशतगर्दों ने पहले ग्रेनेड दागे, फिर अंधाधुंध गोलियां बरसाईं। हमले के तत्काल बाद जवानों ने मोर्चा संभालते हुए मुंहतोड़ जवाब दिया। इससे मुठभेड़ जारी है। घटना राजोरी-थन्नामंडी-सुरनकोट रोड पर सावनी इलाके में शाम करीब 3.45 बजे की है। बताते हैं कि डेरा गली से बफलियाज की ओर से 48 राष्ट्रीय राइफल्स के दो वाहन आ रहे थे। इनमें एक जिप्सी तथा दूसरा ट्रक था। राजोरी-थन्नामंडी-सुरनकोट रोड पर सावनी इलाके में पहले से घात लगाए आतंकियों ने सैन्य वाहन देखते ही पहले ग्रेनेड दागा। इससे दोनों वाहनों के रुकते ही आतंकियों ने चारों ओर से घेरकर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। आतंकियों की संख्या चार से छह बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि सैन्य वाहन से बफलियाज इलाके से जवानों को लाया जा रहा था जहां बुधवार रात से घेराबंदी एवं तलाशी अभियान चल रहा था। जम्मू में सैन्य प्रवक्ता ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर बुधवार रात संयुक्त तलाशी अभियान चलाया गया था।

आतंकियों से वीरवार की शाम संपर्क स्थापित होने के बाद मुठभेड़ जारी है। अतिरिक्त पुलिस बल को मौके पर भेजा गया है। हमले के तत्काल बाद पूरे इलाके को सेना ने घेर लिया। अतिरिक्त बल ने मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाल लिया है। सूचना मिलते ही सेना तथा पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए हैं। रात होने के बाद भी पूरे इलाके को घेर रखा गया है ताकि दहशतगर्द मौके से भाग न निकलें।

आठ महीने पहले अप्रैल में भाटादूड़ियां में जिस प्रकार दहशतगर्दों ने घात लगाकर हमला किया था, ठीक उसी प्रकार सावनी इलाके में भी हमला किया गया। घने जंगलों में आतंकी पहले से घात लगाकर सैन्य वाहनों के गुजरने का इंतजार कर रहे थे। जैसे ही वाहन तय स्थान पर पहुंचे तो पहले आतंकियों ने ग्रेनेड हमला किया ताकि जवानों को संभलने का मौका तक न मिल सके। इसके बाद वाहन को चारों ओर से घेरकर अंधाधुंध गोलियां बरसाईं। जिस प्रकार से वारदात को अंजाम दिया गया उससे दहशतगर्दों के खतरनाक इरादे का पता चलता है। वह किसी भी हालत में वाहन में सवार जवानों को छोड़ना नहीं चाहते थे।

पुंछ में 26 महीने में आतंकियों की ओर से यह चौथी बड़ी घटना है। 2021 से इन चार घटनाओं में 19 जवान बलिदान हो गए थे। चारों घटनाओं में कुछ जवान घायल भी हुए थे। इसके बाद सेना ने पूरे इलाके में जबर्दस्त अभियान चलाया था।

## कई वर्षों से पटना शुरू हुई मिट्टी नहीं पट पायी

# दस साल में शहर के चारों तरफ कालोनी पट गई लेकिन नही पटा आउटर रिंग रोड और लखनऊ हरदोई मार्ग

द अचीवर टाइम्स दीपक कनौजिया



**काकोरी लखनऊ।** खनन करने वाले लोगों के लिए माननीय राजनाथ सिंह के ड्रीम प्रोजेक्ट आउटर रिंग व हरदोई रोड कमाई का बना जरिया खनन कारोबार करने वाले लोगों के लिए सरकारी वर्कऑर्डर पिछले कुछ सालों से अल्लादीन का चिराग साबित हो रहा है। खनन का काम,एलडीए एच एन आई से मिली थी दिन में काम करने की मंजूरी लेकिन खनन विभाग की उदासीनता के चलते रातों में बड़े पैमाने पर खनन किया जा रहा है।इस अवैध खनन करने वाले लोगों को स्थानीय पुलिस प्रशासन अनुमति का हवाला देते हुए सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराते हैं।जबकि सरकारी वर्कऑर्डर में पड़ने वाली मिट्टी की खुदाई व पटाने की सभी बिंदु स्पस्ट निर्देश जारी किए जाते हैं लेकिन अवैध कमाई के चलते मिट्टी लदे डम्फर शहर के चारों तरफ बिना रोकटोक के दौड़ते हुए देखे जा सकते है लेकिन पुलिस की इन डंफरो पर नजर नही पड़ती ये चर्चा क्षेत्र की जनता में आम बनता जा रहा है। खनन अधिकारियो के संज्ञान में मामला आने के बावजूद भी बड़े पैमाने पर मिट्टी की अवैध बिक्री जारी है। आगरा एक्सप्रेस वे में पटान करने वाले ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि जितनी मिट्टी के 8 वर्ष में खुदाई हो गई है इतनी मिट्टी में एक नहीं तीन आउटर रिंग रोड की पटान किया जा सकता है लेकिन सरकारी पटान के नाम पर बड़े पैमाने पर अवैध मिट्टी की बिक्री की जा रही है।पुलिस विभाग के सूत्रों ने बताया कि इन खनन करने वाले लोगों को स्थानीय सफेद पोश का संरक्षण प्राप्त रहता है जिससे इनके खिलाफ न खनन इंस्पेक्टर कार्यवाही करता है न स्थानीय पुलिस कार्यवाही करती है। छोटे मिट्टी कारोबारी की बात को अगर सही मान लिया जाए तो खनन में सफेद पोश लोगों को बड़ी रकम पहुंचाई जा रही है जिससे सरकारी अमले को कार्यवाही से रोका जा सकें।ग्रामीणों को अपने निजी कार्यों में उठानी पड़ रही है दिक्कते ग्रामीण वासियों ने बताया कि सरकार द्वारा रोडो की पटान की जा रही है लेकिन मिट्टी का काम करने वाले लोग दिन रात महंगे दामों में जरूरतमंदों को मिट्टी बेचने को तैयार होते हैं गरीब ग्रामीण को अगर जरा भी मिट्टी की जरूरत पड़ जाए तो उसको स्थानीय पुलिस प्रशासन से लेकर खनन इंस्पेक्टर तक परेशान किया जाता है। क्षेत्र में तय स्थान से अगर दूसरी जगह मिट्टी डाली जाती है तो स्थानीय पुलिस ये कहते हुए पल्ला झाड़ लेती है कि हम खनन मामले में कोई कार्यवाही नही कर सकते हैं इसकी कार्यवाही खनन इंस्पेक्टर के द्वारा की जा सकती है अगर खनन इंस्पेक्टर को फोन मिलाओ तो उनके फोन में अधिकतर लोगो का फोन नम्बर रिजेक्ट में डाल दिया गया है। वहीं सूत्रों नें बताया कि तहसील प्रशासन को भी रात के समय फोन मिलाया जाता है तो अधिकारीगण फोन नहीं उठाते हैं। जबकि सरकार का शख्त निर्देश भी है अधिकारी किसी भी शिकायत पर सीयूजी नंबर उठाएं मगर यह आदेश ढाक के दो पात साबित हो रहा है। जबकि प्रमीशन में दिशा-निर्देश हैं कि पानी का छिड़काव और दिन के उजाले में खनन किया जाए और खनन की जगह पर बोर्ड भी लगा होना चाहिए मगर यह सब खनन माफिया बिल्कुल भी नहीं करते हैं।

## बुलडोजर पहुंचा तो छलके आंसू

### अकबरपुर में दुकान व मकानों पर बुलडोजर चलाने पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक



एजेंसी

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने अकबरपुर में दुकान व मकानों को ढहाने की कार्रवाई पर रोक लगाते हुए अगले चार सप्ताह तक यथास्थिति बहाल रखने का आदेश दिया। मामले की अगली सुनवाई 22 जनवरी को होगी।

इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ से बृहस्पतिवार को शहर के अकबरनगर निवासियों को बड़ी राहत मिली। कोर्ट ने अकबर नगर एक व दो में एलडीए की ध्वस्तीकरण कारवाई पर रोक लगा दी। कोर्ट ने एलडीए को आदेश दिया कि वहां के लोगों को पुनर्वास योजना में आवेदन करने को समय दे। विस्थापित होने वालों के पुनर्वास की करवाई पूरी होने के बाद ही उनके खाली होने वाले परिसरों का कब्जा लिया जाए। इसके लिए 4 सप्ताह का समय देकर कोर्ट ने तबतक वहां ढहाने की करवाई पर रोक लगा दी। कोर्ट ने मामले में एलडीए व अन्य पक्षकारों को जवाब दाखिल करने का समय देकर अगली सुनवाई 22 जनवरी की नियत की है। कोर्ट ने टिप्पणी की कि निवासियों के जीवन की स्वतंत्रता और जीविका के अधिकार का उल्लंघन न किया जाय।

## लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों के चयन के लिए स्क्रीनिंग कमेटी जल्द: कांग्रेस

# CWC बैठक में राहुल की भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण शुरू करने को हरी झड़ी

❖कांग्रेस की बैठक में चुनाव घोषणापत्र समिति बनाने का भी लिया गया निर्णय।
❖आइएनडीआइए की मजबूती के लिए सभी जरूरी कदम उठाने का एलान।




एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस कार्यसमिति ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों को रफ्तार देने का फैसला करते हुए विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए को भाजपा-एनडीए के खिलाफ एक प्रभावी ढाल और ताकत बनाने के लिए सभी जरूरी कदम उठाने का एलान किया है। हिन्दी पट्टी के तीन राज्यों के विधानसभा चुनावों में पार्टी के खराब प्रदर्शन से सबक लेते हुए कांग्रेस ने 2024 के लोकसभा चुनाव के उम्मीदवारों के चयन के लिए जल्द स्क्रीनिंग कमेटी और चुनाव घोषणापत्र समिति बनाने का भी निर्णय लिया है। इसके साथ ही लोकसभा चुनाव में पार्टी के चुनावी अभियान को बड़ा आयाम देने के लिए कार्यसमिति ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण शुरू करने के लिए भी हामी भर दी है। देश के पूर्वी हिस्से से पश्चिमी भारत तक की राहुल गांधी की यह यात्रा आमचुनाव में कम समय को देखते हुए हाइब्रिड स्वरूप में होगी। लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर हुई कार्यसमिति की बैठक में मध्य प्रदेश और राजस्थान में पार्टी की हार को लेकर हुई गहन समीक्षा के दौरान कमलनाथ तथा अशोक गहलोत समेत पार्टी के वरिष्ठ रणनीतिकारों पर सवालों के तीर भी दागे गए।

आईएनडीआईए की बैठक के दो दिन बाद हुई कार्यसमिति की बैठक में पारित प्रस्ताव में लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए जल्द से जल्द पूरी तरह से तैयार होने का दृढ़ संकल्प व्यक्त करते हुए कहा गया कि एक पार्टी ही नहीं, बल्कि आईएनडीआईए के सदस्य के रूप में हम दोहराते हैं कि भाजपा और उसके सहयोगियों के खिलाफ एक प्रभावी ढाल और ताकत बनाने के लिए कांग्रेस सभी आवश्यक कदम उठाएगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में चार घंटे तक चली इस बैठक में अधिकांश चर्चा 2024 की चुनावी तैयारियों और हिन्दी पट्टी के तीन राज्यों में हार पर केंद्रित रही।

कार्यसमिति की बैठक के बाद पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने पत्रकार वार्ता में लोकसभा चुनाव के उम्मीदवारों के चयन के लिए इसी महीने स्क्रीनिंग कमेटी और अगले दो दिनों में चुनाव घोषणापत्र समिति बनाए जाने की घोषणा की। बैठक के दौरान विधानसभा चुनाव के नतीजों को लेकर प्रदेश के प्रभारी महासचिवों की ओर से विस्तृत रिपोर्ट रखे जाने और इस पर चर्चा की पुष्टि करते हुए कहा कि हम मानते हैं कि नतीजे हमारे उम्मीद के मुताबिक नहीं रहे, लेकिन मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में पार्टी का वोट प्रतिशत कायम है और लोकसभा चुनाव के लिए चिंता की बात नहीं है। आम चुनाव की तैयारियों को रफ्तार देने के लिए जनवरी महीने से राज्य स्तरीय कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन शुरू हो जाएंगे जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष और तमाम वरिष्ठ नेता भी जाएंगे।

कांग्रेस कार्यसमिति की ओर से पारित प्रस्ताव में आर्थिक असमानताएं बढ़ने, आवश्यक वस्तुओं के दाम आसमान छूने और नौकरियों का अकाल पड़ने से युवाओं के परेशान होने की बात उठाते हुए कहा गया कि प्रधानमंत्री के दावों और हकीकत में जमीन आसमान का फर्क है। सामाजिक ध्रुवीकरण को चुनावी लाभ के लिए जानबूझकर खतरनाक ढंग से प्रोत्साहित किया जा रहा है। लोकतंत्र खतरे में है और संविधान के तहत नागरिकों को जो स्वतंत्रता मिली हुई है, उस पर आक्रमण हो रहे हैं। आज ये सब कुछ दांव पर है, ऐसे में कांग्रेस नेता एकजुट होकर लोकसभा चुनाव में भाजपा का मुकाबला करने के लिए संकल्प के साथ मैदान में उतरें।

बैठक में अयोध्या में बन रहे राम मंदिर का मुद्दा भी उठा। इसमें कहा गया कि भाजपा इसे लोकसभा चुनाव में भुनाने का प्रयास करेगी, ऐसे में हमें भी अपनी पूरी तैयारी रखनी होगी। कार्यसमिति की इस बैठक में खरगे और राहुल के अलावा पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी समेत कुल 76 सदस्य मौजूद थे।

### मध्य प्रदेश में हार के लिए निशाने पर रहे कमलनाथ

**नई दिल्ली।** सूत्रों के अनुसार, बैठक के दौरान मध्य प्रदेश की हार की समीक्षा के दौरान प्रभारी महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने बूथ और ब्लॉक स्तर पर संगठन की कमजोरी की बात कही तो राहुल गांधी ने इससे असहमति जताते हुए कहा कि ऐसा नहीं है, क्योंकि यहां हम पिछली बार चुनाव जीते थे। छोटी पार्टियों को साथ नहीं लेने की कमलनाथ की चूक की ओर इशारा करते हुए राहुल ने कहा कि जो वोट हमें मिल सकता था, वो भारतीय ट्राइबल पार्टी, बसपा आदि जैसे दलों को चले गए, जिसका हमें नुकसान हुआ।

खरगे ने भी नाम लिए बिना कमलनाथ की शैली पर सवाल उठाए और कहा कि मध्य प्रदेश के कुछ वरिष्ठ नेता तो मंच पर ज्यादा देर रुकने के लिए भी तैयार नहीं दिखते थे और उन्हें बोलना पड़ता था कि कुछ समय ठहर जाइए।

### राजस्थान में हार के लिए गहलोत पर उठी अंगुली

**नई दिल्ली।** राजस्थान की हार की समीक्षा के दौरान अधिकांश सदस्यों का मानना था कि बड़ी संख्या में विधायकों का टिकट नहीं काटने की चुनाव में कीमत चुकानी पड़ी। जाहिर तौर पर इसको लेकर अशोक गहलोत अपने समर्थक विधायकों को टिकट दिलाने के लिए जोर लगाने के लिए सवालों के निशाने पर रहे।

# राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद रजि0 प्रदेश कमेटी की बैठक हुई संपन्न

## राष्ट्रीय अधिवेशन पर हुई चर्चा नए पदाधिकारियो को दी गई जिम्मेदारी

**द अचीवर टाइम्स रघुनाथ सिंह**



**लखनऊ।** राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद की बैठक संगठन के मुखिया माननीय देवेंद्र कुमार मिश्रा के निर्देशन में 20 तारीख को प्रदेश कार्यालय लखनऊ में आयोजित की गई जिसमें प्रदेश कमेटी एवं राष्ट्रीय कमेटी ने शिरकत की बैठक का मूल उद्देश्य पत्रकारों के साथ जो घटनाएं घटती हैं उसे पर विचार विमर्श करते हुए राष्ट्रीय अधिवेशन पर चर्चा की गई संगठन के मुखिया और पत्रकारों के हितैषी कहे जाने वाले देवेंद्र कुमार मिश्रा पत्रकारों की सेवा के लिएहमेशा लगे रहते हैं उनका कहना है कोई भी पत्रकार साथी हमारे संगठन से जुड़ा हो अथवा ना जुड़ा हो अगर उसकी कोई भी कलम दबाने का प्रयास करेगा तो हमारा संगठन उसके विरोध में आवाज उठाएगा पत्रकार अपने कलम के माध्यम से सच्चाई को लिखना है उसे जो भी दबाने का प्रयास करेगा हमारा संगठन उसके विरोध में आवाज उठाएगा और हम पत्रकारों के हितों की लड़ाई सदैव लड़ते रहेंगे पत्रकारों का उत्पीड़न कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा कुलदीप प्रभारी अरुण द्विवेदी ने कहा जिसे हम लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहते हैं वही खतरे से खाली नहीं प्रदेश सचिव विवेक शुक्ला ने कहा हमें एक जुट होकर पत्रकार सुरक्षा बल के लिए प्रयास करना होगा लखनऊ मंडल अध्यक्ष रामदत्त द्विवेदी ने कहा सरकार पत्रकारों की समस्याओं को गंभीरता से देखते हुए पत्रकार सुरक्षा बिल लागू करे प्रदेश संरक्षक पूर्वी नीरज कुमार अस्थाना ने कहा सरकार को गैर मान्यता प्राप्त पत्रकारों पर भी ध्यान देना चाहिए संगठन मंत्री यमुनोत्री प्रसाद ने कहा पत्रकारों की समस्याओं को देखते हुए हम सरकार से बात करेंगे प्रदेश सचिव पुष्पेंद्र शर्मा ने कहा आए दिन पत्रकारों का शोषण होता है प्रदेश सचिव अनिल अग्निहोत्री ने कहा पत्रकार स्वतंत्र है वह अपनी कलम के माध्यम से सच्चाई को लिखता है कोई भी उसे दबाने का प्रयास करेगा तो हम और हमारा संगठन उसका विरोध करेगा शर्मा ने कहा पत्रकारों के जो जगह-जगह पर हो रहे हमले मे उन्होंने बताया विगत वर्षों की भांति राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद का राष्ट्रीय अधिवेशन 2024 में होने जा रहा है जिसमें नामी ग्रामी पत्रकारों की हस्तियां भाग लेंगी इस मीटिंग के दौरान राकेशधर द्विवेदी को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दैनिक ब्रह्म अनुभूति केप्रधान संपादक पृथ्वीपाल को वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा को राष्ट्रीय सचिव अंशु मिश्रा को राष्ट्रीय सचिव युवा प्रकोष्ठ कृष्ण शर्मा को संगठन मंत्री अनूप मिश्रा को प्रदेश महासचिव युवा प्रकोष्ठ सुफियान खान को प्रदेश उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ संदीप माथुर को प्रदेश सचिव युवा प्रकोष्ठ दानिश खान को मंडल उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ अशोक कुमार गुप्ता को जिला अध्यक्ष कानपुरनगर एवं मनीष कुमार सोनी को मंडल सचिव कानपुर संतोष कुमार यादव को जिला सचिव लखनऊ मनोनीत किया गया है संगठन के सभी पदाधिकारी ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी को बधाई एवम शुभकामनाएं दी।

### बरेली-लखनऊ हाईवे पर बनेंगे चार पुल, यातायात को मिलेगी रफ्तार

**बरेली।** बरेली-लखनऊ हाईवे पर चार पुल और अंडरपास को जोड़ने के लिए एक अप्रोच मार्ग बनाया जाएगा। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने निजी फर्म के साथ इसके लिए 90 करोड़ रुपये का अनुबंध किया है। फर्म को एक साल में निर्माण पूरा कराना होगा। निर्माण पूरा होने के बाद हाईवे से रोज गुजरने वाले 25 हजार से अधिक वाहनों की रफ्तार बढ़ेगी। लखनऊ तक आने-जाने में करीब एक घंटे का समय बचेगा। बरेली से लखनऊ के बीच शाहजहांपुर में गर्रा नदी और सीतापुर जिले में तीन स्थानों पर पुल बनना है। एक स्थान पर अप्रोच रोड बनाकर उसे अंडरपास से जोड़ा जाना है। निर्माण वर्ष 2015 में होना था, लेकिन कार्यदायी संस्था काम अधूरा छोड़ गई। दूसरी संस्था को काम दिया गया तो वह भी छोड़ गई। एनएचएआई के अफसर बदलते रहे। काम अटका रहा। अब तीसरी फर्म का चयन किया है। एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर बीपी पाठक ने बताया कि फर्म जगदीश सरन जनवरी 2024 तक ये निर्माण कराएगी।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान विधायक ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**




**बांगरमऊ- उन्नाव।** बांगरमऊ क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत दारापुर और जाफराबाद में विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंची। कार्यक्रम में पहुंचे क्षेत्रीय विधायक श्रीकान्त कटियार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। भारत संकल्प विकास यात्रा में आई एलईडी वाहन द्वारा केंद्र और राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को चलचित्र के माध्यम से उपस्थित ग्रामीण एवं किसान भाइयों को दिखाया गया। ग्राम पंचायत दारापुर में संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर विधायक श्रीकान्त कटियार ने माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर पर विधायक श्रीकांत कटियार ने आयुष्मान, उज्जवला, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि, शौचालय के लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए। उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक श्रीकान्त कटियार ने कहा कि आज यदि भाजपा पर देश के लोग भरोसा जता रहें हैं तो यह पार्टी की एक दिन की मेहनत का परिणाम नही बल्कि नौ वर्षो तक देश की खुशहाली के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किए गए प्रयासों का प्रतिफल हैं। मोदी जी ने इस देश के निवासियों को अपना परिवार मानकर उनकी सेवा में जनकल्याणकारी योजनाएं चालू करके उनके जीवन को सुखी बनाया हैं। इस मौके पर जिलाउपाध्यक्ष अनिल कुशवाहा, जिला व्यवस्था प्रमुख गिरीश वर्मा, मण्डल अध्यक्ष अरविन्द सिंह, प्रमेश चौधरी, मुन्ना यादव, संतोष तिवारी, जयपाल पटेल सहित ग्रामवासी उपस्थित रहें।

# एक नज़र

### स्वास्थ्य शिविर लगाकर वितरण की गयी औषधियां

**द अचीवर टाइम्स कुन्दन सिंह**



**मियाँगंज उन्नाव।** विकास खण्ड मियांगंज के अंतर्गत जनपदीय टीम द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जिसमे ग्रामीणों की जाँच की गयी व औषधि वितरित की गयी। विकास खण्ड मियांगंज की ग्राम पंचायत भडुवा मजरा बजेहरा के सामुदायिक भवन में जनपद स्तरीय टीम द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया जिसमें एक सैकड़ा लोगों की जाँच की गयी व औषधि वितरित किया गया डॉक्टर राम प्रकाश यादव द्वारा मरीजो को देखा गया व उचित सलाह दी गयी इस मौके पर ग्राम प्रधान राकेश यादव,शय्यद मो फुरकान जिला प्रोग्राम समन्वयक टी बी एच आई वी ,पंकज कुमार शुक्ला काउंशलर ,मो वशीम खान लैब टेक्नीशियन, विनीता मिश्रा परामर्शदाता, श्वेता सिंह एनजीओ, शादाब, अभिनव सहित सभी मौजूद रहे।

### श्रीमद्भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**

**शुक्लागंज- उन्नाव।** कृष्णा नगर स्थित सिद्धेश्वर मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा हैं। जहां गुरूवार को पहले दिन सुबह वैदिक मंत्रों के बीच गणेश पूजन के साथ ही ध्वज पूजन हुआ। जिसके बाद कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें क्षेत्र की महिलाएं मौजूद रहीं। कलश यात्रा गंगातट पहुंची और वहां से जल लेकर दुर्गा मंदिर होते हुए वापस मंदिर स्थल पहुंची। यात्रा के समापन के बाद भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। जहां कथा व्यास ने मौजूद श्रोताओं को भागवत कथा का रसपान कराया। इस मौके पर करूणाशंकर शुक्ला, कमलेश दीक्षित, संजय मिश्रा, देवी प्रसाद पांडे, दिनेश मिश्रा, अरविंद शुक्ला, प्रांजुल मिश्रा, आकाश दीक्षित, उज्ज्वल शुक्ला, आदर्श मिश्रा आदि भक्तगण मौजूद रहें।

### मां कुशहरी मंदिर में पर्यटन विभाग द्वारा करायें जा रहें कार्यों का किया गया भूमिपूजन

कुशहरी मंदिर के विकास के लिये पर्यटन विभाग से 75 लाख रुपयें पास।





**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज- उन्नाव।** नवाबगंज स्थित कुसुंभी देवी मंदिर में दर्शन करने आने वाले भक्तों को यहां पर सुविधा के साथ रमणीय वातावरण मिलेगा तो यहां पर पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।साथ ही पुरानी पौराणिक मान्यता के मंदिर संरक्षित रहेगें। उक्त उद्गार जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह ने कुशहरी मंदिर में पर्यटन विभाग द्वारा कराए जा रहें कार्यो के भूमिपूजन के बाद समारोह में व्यक्त किये उन्होने कहां की बेटी के रुप में नौदुर्गा के स्वरुप के दर्शन होते हैं। इसलिये उनकी सरकार में बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं का नारा दिया और उसके लिये बालिकाओं के लिये योजनांए चला रहीं हैं। बताया की पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये उनकी सरकार काम कर रहीं हैं। क्षेत्रीय विधायक बृजेश रावत ने बताया की कुशहरी मंदिर के विकास के लिये पर्यटन विभाग से 75 लाख रुपयें पास किये गये हैं। जिसमें माता के नौ रुवरुप की मूर्तियां लगाई जायेगी साथ ही मंदिर के सामने बने तालाब में पैदल पथ घूमने के लिये बनाया जा रहा हैं। इसके साथ ही अन्य कार्य भी करायें जायेगें जिससे की आने वाले भक्तों को यहां पर सुविधा हो और पर्यटन को बढ़ावा मिल सकेगा। उन्होने बताया की इसके साथ ही जिले के कई अन्य धार्मिक स्थल भी सही कराये जायेगें। इस अवसर पर प्रधान माधूरी पाण्डेय, मनोज, आशीष सिंह, नीरज सिंह, रेशू तिवारी, सरवन तिवारी, दीपू सिंह समेत काफी लोग मौजूद रहें।

### दस सूत्रीय मांगो को लेकर भाकियू का धरना प्रदर्शन

**द अचीवर टाइम्स- नीरज शुक्ला/ संदीप मौर्या**

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** छुट्टा घूम रहे गोवंश, विजली कटौती, स्वास्थ्य सुविधा आदि समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के ब्लाक अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव की अध्यक्षता एंव तहसील अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद वर्मा के संयोजन में मौलाबाद चौराहे पर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर समस्याओं को लेकर 27 दिसम्बर से 10 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना मे भारी संख्या में किसानों से पंहुचने की अपील की गयी। बैठक में विचार व्यक्त करते हुए ब्लाक अध्यक्ष मुलायम सिंह यादव ने कहा कि किसानों की दस सूत्रीय मांगों से सम्बंधित ज्ञापन मांग पत्र उपजिलाधिकारी मो0 शम्स तबरेज खान को गत दिवस दे दिया गया है। ब्लाक अध्यक्ष ने कहा कि घूम रहे छुट्टा गोवंश किसानों की मेहनत पर पानी फेर रहें हैं। प्रदेश सरकार के सख्त निर्देशों का ब्लाक, पशुपालन, राजस्व प्रशासन नहीं कर रहा है। प्रदेश सरकार ने छुट्टा गोवंशों को गौशाला में पंहुचाने हेतु टीम गठित कर रखी है परन्तु जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारी ध्यान नहीं दे रहें हैं। बैठक में विजय चौहान, जगजीवन, हरि बहादुर सिंह आदि मौजूद थे।

# युवक कब्जे की नीयत से सरकारी भूमि पर खड़े बबूल के पेड़ों का काट बोई फसल



**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**

**उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के खपरा मुस्लिम गांव के बाहर वन विभाग की तीन बीघे भूमि पर खड़े 10 हजार बबूल के हरे पौधो को गांव के ही लल्लू ने बुधवार देर शाम ट्रैक्टर से जोत कर रबी की फसल बो दी। गांव के चौकीदार रामलाल ने वन विभाग को सूचना दिया। मौके पर वन विभाग रेंजर राजवीर सहित दरोगा श्री कांत त्रिवेदी ने मौके पर पहुंच कर ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर सीज की कार्रवाई की। साथ ही खेत को बो रहें लल्लू पुत्र धनीराम पर सरकारी भूमि पर जबरन अवैध तरीके से कब्जा करने सहित बबूल के पौधों को नष्ट करने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दिया।

वन विभाग रेंजर राजवीर सिंह ने बताया कि किसान लल्लू पर रिपोर्ट दर्ज के साथ- साथ ट्रैक्टर को भी सीज किया गया हैं।

### पाक्सो एक्ट में वांछित युवक को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**

**पुरवा- उन्नाव।** कोतवाली पुलिस ने पाक्सो एक्ट में वांछित चल रहें युवक को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया। प्राप्त विवरण के अनुसार कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मोहल्ला कटरा कस्बा पुरवा निवासी लवकुश पुत्र मातादीन गौतम उम्र 28 वर्ष जोकि पाक्सो एक्ट में वांछित चल रहा था जिसे बृहस्पतिवार को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में कस्बा इंचार्ज उपनिरीक्षक जय नारायण मिश्रा तथा हेड कांस्टेबल राजेन्द्र सरोज शामिल हैं।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे ब्लाक प्रमुख व विधायक प्रतिनिधि

**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**



**मौरावां- उन्नाव।** ब्लाक हिलौली की ग्राम पंचायत तिसन्धा व सगौली में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे ब्लाक प्रमुख दिलीप कुमार दीक्षित व विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह का ग्राम प्रधान सौरभ सिंह व मंजू देवी ने अंगवस्त्र व बुके भेंट कर स्वागत किया। वहीं प्रमुख ने लोगों को योजनाओं की जानकारी देते हुए बखान किया।गुरुवार को हिलौली की दो ग्राम पंचायतें तिसन्धा व सगौली में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में ब्लाक प्रमुख दिलीप कुमार दीक्षित ने जनता को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी गरीब व जरूरतमंद लोगों के लिए अनेकों योजनाएं चला रहीं हैं। उन्होंने आगे कहा कि मोदी योगी की सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रति लोगों को सीधे लाभ दिया जा रहा हैं। पुरवा विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह ने सरकारी योजनाओं का लाभ लेने की लोगों से अपील किया।लाभार्थियों को उज्ज्वला योजना के तहत गैस चूल्हा कनेक्शन व बीमार लोगों को इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया। कार्यक्रम में कई विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहें। इस दौरान मौरावां मंडल अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह, बृजेश शुक्ला, आशीष पांडेय, रोहित अवस्थी सहित सैकड़ों ग्रामीण महिला पुरूष मौजूद रहें।

# अज्ञात युवक का मिला शव

## शव देख ग्रामीणों में फैली सनसनी

**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**



**चकलवंशी- उन्नाव।** माखी थाना क्षेत्र के आंट- घुसौली गांव के पास खंती में एक अज्ञात युवक का शव मिला। नाले में शव देख ग्रामीणों में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उच्चाधिकारियों को जानकारी दी। मौके पर फील्ड यूनिट व डाग स्क्वाड पहुंची। सूचना के तीन घंटे बाद शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भेज दिया गया हैं। थाना क्षेत्र के भदेवना के मजरा आंट- घुसौली के प्राथमिक विद्यालय के पास लगभग पंद्रह फुट गहरी खंती हैं। गुरुवार को आंट-बंधवा मार्ग पर विद्यालय से सौ मीटर दूर एक तीस वर्षीय अज्ञात युवक का शव खंती में मिला। सुबह खेत जा रहें किसानों में शव देख सनसनी फैल गई। किसानों ने ग्राम प्रधान को इसकी सूचना दी। पूर्व प्रधान नन्दकिशोर ने पुलिस को अज्ञात शव मिलने की तहरीर दी हैं। सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी वीरबहादुर सिंह ने उच्चाधिकारियों को जानकारी दी। हत्या की आशंका पर फील्ड यूनिट मौके पर पहुंच कर साक्ष्य जुटाये। पुलिस ने तीन घंटे बाद शव को पानी से बाहर निकाला। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक काले रंग की जैकेट, कत्थई स्वेटर, भूरी जींस पहने हुए हैं। पानी में उल्टा शव पड़ा हैं पैंट व अंडरवियर उतरीं हैं। जिससे प्रतीत होता हैं कि युवक शौच के लिये गया हैं फिसल कर पानी में गिर जाने से मौत हो गई। चप्पल बाहर पड़ी मिली। कई घंटे पहचान कराने पर शिनाख्त नहीं हो पाई हैं शव को मोर्चरी भेज दिया गया हैं।

### बरेली में सर्द हवा ने बढ़ाई गलन... ठंड से ठिठुरे लोग; अभी और गिरेगा पारा

**बरेली।** बरेली में सर्द हवा चलने से सुबह और शाम गलन बढ़ गई है। हवा की दिशा बदलने से एक ओर रात के पारे में बढ़त तो दूसरी ओर दिन में तापमान लुढ़कता जा रहा है। बुधवार को एक डिग्री गिरावट के बाद अधिकतम पारा सामान्य से पांच डिग्री नीचे जा पहुंचा है। मौसम विभाग ने अभी ठंड और बढ़ने के आसार जताए हैं। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र से जारी बुलेटिन के अनुसार पूर्व उत्तर दिशा से चल रही हवा से रात में विकिरणीय शीतलन (उत्सर्जन) कम हो रहा है। लिहाजा, रात के पारे में तीन दिनों में करीब 3.5 डिग्री तक बढ़त हुई है। मंगलवार की रात तापमान 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# बस अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई लगभग डेढ़ दर्जन यात्री घायल

❖ एक दर्जन से अधिक घायलों को चिकित्सकों ने जिला अस्पताल किया रेफर।

**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**

**फतेहपुर चौरासी- उन्नाव।** थाना क्षेत्र के अन्तर्गत हरदोई- उन्नाव मार्ग पर उन्नाव से बांगरमऊ की तरफ जा रहीं एक प्राइवेट बस अनियंत्रित होकर मंगलीखेड़ा गाँव से आगे नारे खेड़ा के पास एक पेड़ से टकरा गई जिससे उसमें सवार लगभग डेढ़ दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों को एम्बुलेंस व प्राइवेट वाहनों से सीएचसी भेजा गया जहाँ से प्राथमिक उपचार के बाद एक दर्जन से अधिक घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। इलाज के लिए ले जाते समय एक घायल की रास्ते मे हालत बिगड़ने की सूचना। थाना क्षेत्र के उम्मर खेड़ा गाँव के पास उन्नाव से बांगरमऊ की तरफ सवारियां भरकर जा रहीं एक प्राइवेट बस अनियंत्रित होकर एक पेड़ से टकरा गई। पेड़ से टकराने पर बस का आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमे सवार यात्रियों में कोहराम मच गया। बस में सवार दो दर्जन से अधिक सवारियों में लगभग डेढ़ दर्जन से अधिक घायल हो गए। घायलों में वीरेन्द्र, अभय, अहमद, रफी, अखिलेश, अंजली, अमर सिंह, प्रेम प्रकाश, सैयाज, मुन्नू, रमेश, दिनेश, प्रियांशु आदि को सीएचसी ले जाया गया जहाँ से दो लोगों को लखनऊ ट्रामा सेंटर तथा लगभग पंद्रह लोगों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। अस्पताल ले जाते समय प्रेम प्रकाश की रास्ते में हालत बिगड़ गई। शेष घायलों का इलाज जिला अस्पताल में किया जा रहा हैं।

### दो दिवसीय खेलकूद क्रीड़ा प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**

**उन्नाव।** जनपद स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्पोर्ट्स स्टेडियम में मुख्य अतिथि राज बहादुर सिंह चंदेल द्वारा प्रारंभ कराया गया जिसमें विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह, अशोक सिंह जिला पंचायत सदस्य, खंड शिक्षा अधिकारी, शिक्षक नेता एवं कर्मचारी उपस्थित रहें सर्वप्रथम जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संगीता सिंह द्वारा स्वागत व प्रतियोगिता के विषय में संक्षिप्त परिचय दिया गया कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि को मार्च पास्ट में सलामी, झंडारोहण गुब्बारे उड़ाकर किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए मशाल लेकर गत वर्ष का चैंपियन छात्र मिथुन 600 मीटर दौड़ को मुख्य अतिथि के सामने प्रारंभ किया। समस्त कार्यक्रम जिला खेल प्रभारी, खंड शिक्षा अधिकारी मनींद्र कुमार, व्यायाम शिक्षक पुरुषोत्तम कुमार, व्यायाम शिक्षिका निशा तोमर की देखरेख में संपन्न कराया जा रहा हैं। गौरतलब हो कि दो दिवसीय खेलकूद क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन 22 दिसंबर को होगा।

### पति से झगड़े के बाद विवाहिता ने जहर खाकर दी जान

**झांसी।** गरौठा के दुरखुरू गांव में पति से झगड़े के बाद विवाहिता ने जहर खाकर जान दे दी। परिजनों का कहना है कि दोनों के बीच अक्सर विवाद होता था। सोमवार को दोनों खेत में दवा का छिड़काव कर रहे थे। उसी दौरान दोनों में विवाद होने लगा। इसी दौरान विवाहिता ने जहर खा लिया। परिजनों ने उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। मंगलवार सुबह उसकी मौत हो गई। दुरखुरु गांव निवासी कमलेश अहिरवार पत्नी चमेली (30) के साथ सोमवार को खेत में दवा का छिड़काव कर रहा था। परिजनों का कहना है कि इसी दौरान दोनों के बीच विवाद होने लगा। कमलेश ने शराब भी पी रखी थी। गुस्से में आकर उसने सबके सामने चमेली के साथ गाली गलौज कर दी। यह बात चमेली को नागवार गुजरी। खेत से वह सीधे घर पहुंची।

# माँ ने पहले बच्चों और फिर स्वयं निगला कीटनाशक दवा- माँ की मौत

**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**




**पाटन- उन्नाव।** थाना बिहार क्षेत्र के भदेवरा गाँव में एक महिला ने अपने तीन बच्चों को जहर देकर खुद जहर खा लिया। माँ की जिला अस्तपताल में मौत हो गयी जबकि बच्चों को हैलेट कानपुर रिफर कर दिया गया हैं। भदेवरा गाँव निवासिनी केकती पत्नी जगमोहन उम्र 33 वर्ष ने गुरुवार सुबह करीब 10 बजे घर में रखी गेंहू की बखारी में डाली जाने वाकी कीटनाशक दवा अपने बच्चों को खिलाने के बाद स्वंम निगल लिया। केकती ने पहले अपनी बड़ी पुत्री महक उम्र लगभग 10 वर्ष को कीटनाशक दवा खिलाई इसके उपरांत पुत्र आर्यन उम्र लगभग 08 वर्ष व छोटी पुत्री मानवी उम्र 04 वर्ष को कीटनाशक दवा खिलाकर स्वमं खा लिया। हालात बिगड़ने पर सभी को सुमेरपुर स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहाँ से जिला अस्तपताल रिफर कर दिया गया। पड़ोसियों के अनुसार केकती का मायका बारासगवर थाने के अन्तर्गत अलीपुर हैं, वह काफी दिनों से मानसिक बीमार चल रही थी। इलाज कानपुर के किसी अस्पताल से चल रहा हैं। पति जगमोहन गुरुवार को रोज की भाँति गाँव में बन रहें मकान में मजदूरी करने गया था। बहन के द्वारा स्वमं व बच्चों को जहर देने की बात जैसे ही परिवार में पता चली कोहराम मच गया। माँ व बच्चों को सुमेरपुर स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल ले जाया गया जहाँ माँ की मौत हो गई। घटना की सूचना पर थाना प्रभारी शिवप्रकाश पांडेय मौके पर पहुँचे।

# अवैध निर्माण ही नहीं गांव के चकरोड और नाली पर शालीमार पैराडाइज टाउनशिप ही बसा दी

संवाददाता

**लखनऊ।** ग्रामीणों की शिकायत पर बाराबंकी के तत्कालीन डीएम ने पूरे मामले की जांच कराई थी, लेकिन चकरोड वाली सरकारी जमीन, नाली अभी भी शालीमार पैराडाइज टाउनशिप के कब्जे में है। शालीमार की ओर से बसाई गई पैराडाइज टाउनशिप में विला बेहद महंगे हैं। बड़े बिल्डर व प्रॉपर्टी डीलरों के इन कारनामों का खुलासा भी हुआ पर जांच के नाम पर इनकी फाइलें दबी हैं। इनमें से एक शालीमार ऐसी कंपनी है, जिसने राजधानी में एलडीए के स्वीकृत मानचित्र के विपरीत कॉम्प्लेक्स और अपार्टमेंट में मनमाने तरीके से अवैध निर्माण ही नहीं किया, बल्कि बाराबंकी जनपद में गांव के चकरोड और नाली पर शालीमार पैराडाइज टाउनशिप को बसा दिया है। यह टाउनशिप लखनऊ और बाराबंकी जिले की सीमा के बीच स्थित गांव मोहम्मदपुर के पास है। शालीमार कंपनी ने सफेदाबाद के पास मोहम्मदपुर के ग्रामीणों के खेतों में आने-जाने के लिए छोड़े गए सरकारी चकरोड और जल निकासी के लिए बनाई नाली पर कीमती विला बनाए हैं। इससे मोहम्मदपुर के लोगों के आवागमन का रास्ता बंद हो गया है। ग्रामीणों की शिकायत पर बाराबंकी के तत्कालीन डीएम ने पूरे मामले की जांच कराई थी, लेकिन चकरोड वाली सरकारी जमीन, नाली अभी भी शालीमार पैराडाइज टाउनशिप के कब्जे में है। शालीमार की ओर से बसाई गई पैराडाइज टाउनशिप में विला बेहद महंगे हैं।

**टाउनशिप में विवादित हिस्से पर निर्माण रोका**

शालीमार पैराडाइज टाउनशिप के भीतर जिन इलाकों से चकरोड निकला, उन जगहों की पहचान करने के बाद तत्कालीन डीएम ने वहां के विवादित हिस्से पर निर्माण रुकवा दिया। इससे विला के काम पर भी असर पड़ा है। हालांकि, शालीमार कंपनी ने इनमें से कुछ ही



जगहों पर विला का काम रोका है।

**चकरोड पर बने विला की रजिस्ट्री को लेकर विवाद**

जिला प्रशासन के अफसरों के मुताबिक शालीमार पैराडाइज टाउनशिप में सरकारी चकरोड पर बनाए गए कीमती विला की रजिस्ट्री को लेकर भी विवाद आया था। तत्कालीन डीएम ने सरकारी जमीन पर किए गए निर्माण को अवैध ठहराया था। ऐसे में जिस जमीन पर ये विला बनकर खड़े हुए हैं, उनकी रजिस्ट्री में सरकारी पेच फंस गया है।

**नाली, चकमार्ग का कंपनी के स्वामित्व की भूमि से विनिमय**

शालीमार कॉर्प के सीईओ शिव जनम चौधरी का कहना है कि शालीमार पैराडाइज में आने वाली ग्राम समाज की नाली व चकरोड की जमीन को कंपनी के स्वामित्व की भूमि से विनिमय करने का प्रस्ताव छह फरवरी 2019 को तत्कालीन डीएम ने ग्राम सभा की भूमि प्रबंधन समिति के अनुमोदन के बाद शासन को भेजा था। प्रस्ताव अनुमोदन की प्रक्रिया में था। इस बीच तीन अगस्त 2023 को ग्राम समाज भूमि का विनिमय के प्रस्ताव के अनुमोदन का अधिकार संबंधित क्षेत्र के मंडल आयुक्त को अधिकृत कर दिया गया। इससे अयोध्या मंडल के आयुक्त को प्रस्ताव स्वीकृति के लिए भेज दिया गया। प्रोजेक्ट का पूर्णता प्रमाण पत्र 17 सितंबर 2019 को जारी किया जा चुका है। टाउनशिप में किसी प्रकार का अनियमित काम नहीं हुआ है।

**विभागीय स्तर पर चल रही जांच**

एसडीएम सदर नवाबगंज विजय कुमार त्रिवेदी का कहना है कि शालीमार पैराडाइज का मामला शासन स्तर पर विचाराधीन है। इसे लेकर शासन से अभी निर्देश नहीं मिले हैं। विभागीय स्तर पर भी इसकी जांच चल रही है। जांच पूरी होने पर कारवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# मायावती ने कहा, गठबंधन में शामिल नहीं होने वाले दलों पर टीका-टिप्पणी उचित नहीं

संवाददाता





**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने संसद से निलंबित किए गए 150 से ज्यादा सांसदों के मुद्दे पर कहा कि विपक्ष विहीन संसद ठीक व्यवस्था नहीं है। हालांकि, संसद की सुरक्षा में सेंध लगना भी बड़ा मामला है। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि जो दल इंडिया गठबंधन में शामिल नहीं हैं, उन पर बे-फिजूल टीका-टिप्पणी करना उचित नहीं है। भविष्य में जनहित में कब किसकी जरूरत पड़ जाए, कुछ कहा नहीं जा सकता है। ऐसे में बाद में शर्मिंदगी उठानी पड़ सकती है। समाजवादी पार्टी इसका जीता-जागता उदाहरण है। बृहस्पतिवार को जारी अपने बयान में बसपा सुप्रीमो ने संसद में हंगामे पर कहा कि संसदीय मर्यादा का पालन करना सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने सांसदों के निलंबन को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि यह संसदीय इतिहास के लिए दुखद और लोगों के विश्वास को आघात पहुंचाने वाला है। निलंबित सांसदों द्वारा राज्यसभा के सभापति का संसद परिसर में मजाक उड़ाने का वीडियो वायरल होना भी अनुचित और अशोभनीय है। बिना विपक्ष के बिल पारित होना भी गलत परंपरा है। उन्होंने संसद की सुरक्षा में हुई चूक का मुद्दा उठाते हुए कहा कि संसद की सुरक्षा में सेंधमारी गहन चिंता का विषय है। हमें मिलकर संसद की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। एक-दूसरे पर दबाव डालने से काम नहीं चलेगा। आरोपियों और साजिशकर्ताओं पर कड़ी कार्रवाई जरूरी है। सुरक्षा एजेंसियों को भी अधिक सतर्कता बरतनी होगी। उन्होंने आगे कहा कि बसपा धर्मनिरपेक्ष पार्टी है और अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के साथ जल्द बनने वाली मस्जिद के उद्घाटन पर उसे कोई आपत्ति नहीं है। हालांकि बीते कुछ वर्षों में धर्मस्थलों के नाम पर जो घिनौनी राजनीति हो रही है, उससे देश कमजोर होगा और इससे लोगों के बीच नफरत बढ़ेगी।


## एक नज़र

### कंबल नहीं खरीदने पर मुख्यमंत्री योगी ने तीन जिलाधिकारियों से किया जवाब तलब, जताई सख्त नाराजगी



**लखनऊ।** ठंड से बचाव के लिए योगी सरकार ने 75 जिलों के लिए 29 करोड़ रुपए जारी किये हैं। मुख्यमंत्री योगी ने तीन जिलों में कंबल खरीद ना होने से सख्त नाराजगी जताई है। शीतलहर और ठंड के मौसम में जरूरतमंद लोगों को कंबल उपलब्ध कराने में लापरवाही पर मुख्यमंत्री ने संभल, एटा और कानपुर देहात के जिलाधिकारी को नोटिस देकर जवाब तलब किया है। प्रदेश सरकार ने शीतलहर और ठंड के मद्देनजर कंबलों की व्यवस्था के लिए सभी 75 जिलों को कुल 29 करोड़ रुपये का बजट जारी किया है। 72 जिलों में कंबलों की खरीद का कार्य पूरा कर लिया गया है। कानपुर देहात, संभल और एटा में कंबल खरीद नहीं होने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नाराजगी व्यक्त की है। सीएम ने निर्देश दिए हैं कि कहीं पर भी अलाव और कंबल की कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कंबल की गुणवत्ता से भी किसी प्रकार का समझौता नहीं करने के निर्देश दिए हैं। 20 दिसंबर तक प्रदेश में 3,30,794 कंबलों की खरीद पूरी कर ली गई है, जबकि 45,293 कंबलों को वितरित भी किया जा चुका है। वहीं प्रदेशभर में 1,199 रैन बसेरों को संचालित किया जा चुका है। अलाव जलाने के लिए प्रति तहसील 50 हजार रुपये का बजट भी जारी किया है। उल्लेखनीय है कि राज्य आपदा मोचक निधि में शीतलहर से बचाव के लिए 120 करोड़ रुपये का प्रावधान है।

### ब्रिटेन और जर्मनी से सामाजिक कार्य के नाम पर हुई टेरर फंडिंग, डॉ. अब्दुल गफ्फार की तलाश जारी



**लखनऊ।** मामले में पाकिस्तान, सीरिया और तुर्किये के आतंकी संगठनों का हाथ होने की आशंका जताई जा रही है। जांच एजेंसियों से बचने को ये तरीका अपनाया गया। डॉ. अब्दुल गफ्फार की तलाश जारी है। बांग्लादेशी नागरिकों और रोहिंग्या मुसलमानों की तस्करी करने वाले सिंडिकेट को सामाजिक कार्यों के नाम पर ब्रिटेन और जर्मनी की संस्थाओं के जरिये टेरर फंडिंग की जा रही थी। पाकिस्तान, सीरिया, तुर्किये आदि देशों में सक्रिय आतंकी संगठन जांच एजेंसियों की नजरों से बचने के लिए यह तरीका अपना रहे थे। एटीएस ने दिल्ली के डॉ. अब्दुल गफ्फार की तलाश तेज कर दी है, जिसके बैंक खाते में यह रकम आती थी। गौरतलब है कि एटीएस ने सोमवार को इस सिंडिकेट से सदस्य मोहम्मद अब्दुल अव्वल को नई दिल्ली के निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया था। असोम निवासी अब्दुल अव्वल लखनऊ के नदवा कॉलेज से 12वीं करने के बाद दिल्ली में फिनो बैंक के एजेंट के तौर पर काम कर रहा था। उसने पूछताछ में बताया था कि डॉ. अब्दुल गफ्फार ने उससे फिनो बैंक में रोहिंग्या, बांग्लादेशी, झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले मुस्लिमों के नाम पर खाते खुलवाए थे, जिसमें वह अपने एनजीओ के एफसीआरए खाते में आने वाले विदेशी धन को ट्रांसफर करता था। डॉ. गफ्फार के एनजीओ सन शाइन हेल्थ एंड सोशल वेलफेयर ट्रस्ट के एफसीआरए खाते में यूरोपीय देशों से लगभग 20 करोड़ रुपये आए थे। इसका उपयोग देश-विरोधी गतिविधियों में हो रहा था। एडीजी एटीएस मोहित अग्रवाल ने बताया कि इस सिंडिकेट के बाकी सदस्यों की तलाश की जा रही है। एटीएस जल्द ही अब्दुल अव्वल को रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी।

### 24 को सपा की ब्राह्मण महापंचायत, प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर सपा का धरना आज


**लखनऊ।** चुनावी बेला से पहले सभी जातियों को साधने में सभी दल जुटे हैं। पिछड़ों और दलितों को अपने पाले में खींचने के लिए एक तरफ रणनीति बनाई जा रही है तो दूसरी तरफ अल्पसंख्यकों का वोट पाने के लिए भी सपा और कांग्रेस में सीधी जंग छिड़ी है। पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक (पीडीए) के नारे को लेकर चुनावी मैदान में उतरी समाजवादी पार्टी अब ब्राह्मणों को भी साधेगी। 24 दिसंबर को ब्राह्मणों के स्वाभिमान को लेकर महापंचायत का आयोजन राष्ट्रीय कार्यरत पार्टी के नाम से सपा मुख्यालय में किया जाएगा। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव मुख्य अतिथि होंगे। चुनावी बेला से पहले सभी जातियों को साधने में सभी दल जुटे हैं। पिछड़ों और दलितों को अपने पाले में खींचने के लिए एक तरफ रणनीति बनाई जा रही है तो दूसरी तरफ अल्पसंख्यकों का वोट पाने के लिए भी सपा और कांग्रेस में सीधी जंग छिड़ी है। अब सभी दल ब्राह्मणों पर डोरे डाल रहे हैं। पिछले दिनों लखनऊ में आयोजित ब्राह्मण महासम्मेलन का आयोजन एक संगठन ने किया था लेकिन भाजपा नेताओं के चेहरे ही आयोजन में छाये थे। पीडीए नारे के साथ चुनावी जंग में उतरी सपा ने भी ब्राह्मणों के बीच पैठ बनाने की तैयारी शुरू कर दी है।

# लखनऊ विश्वविद्यालय: 56 केंद्रों पर होगी बीएड की प्रवेश परीक्षा, 26 दिसंबर से होगी शुरुआत

लखनऊ विश्वविद्यालय में बीएड पाठ्यक्रम के लिए परीक्षा केंद्रों की प्रस्तावित सूची जारी कर दी गई है। विवि से संबद्ध पांच जिलों सीतापुर, हरदोई, लखीमपुर, रायबरेली व लखनऊ के कॉलेजों में 56 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय में सत्र 2023-24 विषम सेमेस्टर परीक्षा के तहत बीएड पाठ्यक्रम के लिए परीक्षा केंद्रों की प्रस्तावित सूची जारी कर दी गई है। 26 दिसंबर से परीक्षाएं शुरू होंगी। परीक्षा के लिए लखनऊ विवि से संबद्ध पांच जिलों सीतापुर, हरदोई, लखीमपुर, रायबरेली व लखनऊ के कॉलेजों में 56 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसके साथ ही संबद्ध 126 कॉलेजों के लिए 17 नोडल सेंटर भी बनाए गए हैं। परीक्षा केंद्रों की सूची परीक्षा विभाग की ओर से विवि की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

**लखनऊ में बने 29 परीक्षा केंद्र**

लखनऊ जिले में संबद्ध 61 कॉलेजों के लिए 29 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसमें केकेसी, करामत, खुन खुन जी, महिला, नवयुग, कृष्णा देवी, आईटी, इरम गर्ल्स डिग्री कॉलेज समेत कई अन्य कॉलेज शामिल हैं। इन कॉलेजों के लिए नोडल सेंटर लखनऊ विश्वविद्यालय होगा।



**लविवि = कॉमर्स पीएचडी कोर्सवर्क की परीक्षा कल**

लखनऊ। लविवि में कॉमर्स विभाग के सत्र 2022-23 के लिए शोधार्थियों की पीएचडी कोर्सवर्क की परीक्षा शुक्रवार को होगी। यह परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली की परीक्षा दोपहर दो से तीन बजे और दूसरी पाली की परीक्षा तीन से शाम चार बजे तक होगी। विभागाध्यक्ष प्रो. राममिलन ने इस संबंध में पत्र जारी करते हुए सूचना दी।

**लविवि = 10 जनवरी तक कॉलेज अपलोड करें प्रैक्टिकल के अंक**

लखनऊ विश्वविद्यालय में विषम सेमेस्टर परीक्षा 2023 के तहत आंतरिक, मौखिक व प्रयोगात्मक परीक्षाओं के अंक 10 जनवरी तक अपलोड करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए परीक्षा विभाग की ओर से सभी विभागाध्यक्षों व संबद्ध कॉलेजों के प्राचार्यों को पत्र जारी कर दिया गया है। स्नातक व परास्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों के परीक्षाफल घोषित करने के लिए कॉलेजों व विभागों को पोर्टल पर प्रायोगिक परीक्षा के अंक अपलोड करने होंगे। साथ ही हार्डकॉपी विश्वविद्यालय को उपलब्ध करानी होगी।

# अब मोबाइल ऐप बनेगा ललितपुर में ऑनलाइन हाउस टैक्स कलेक्शन का माध्यम

संवाददाता



**लखनऊ।** ललितपुर में ऑनलाइन हाउस टैक्स कलेक्शन की प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए एक मोबाइल ऐप बेस्ड वेब पोर्टल का विकास किया जा रहा है। यह पोर्टल कई मायनों में विशिष्ट और तमाम खूबियों से लैस होगा। तकनीक से आम लोगों का जीवन आसान बनाने की दिशा में काम तेजी से हो रहा है। ललितपुर में ऑनलाइन हाउस टैक्स कलेक्शन की प्रक्रिया पूरी करने के लिए मोबाइल ऐप आधारित वेब पोर्टल का विकास किया जा रहा है। यह पोर्टल कई मायनों में खास होगा। ललितपुर में ही ड्रग व फार्मा पार्क के विकास की प्रक्रिया भी जारी है। ऐसे में यहां के नागरिकों को जल्द ही मोबाइल एप से हाउस टैक्स भरने की सुविधा मिलेगी। यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीएलसी) ने ऐसे मोबाइल आधारित वेब पोर्टल की प्रक्रिया शुरू कर दी है जो पेमेंट गेटवे, जियो टैगिंग समेत तमाम सुविधाओं से युक्त होगा। यह इंटीग्रेटेड वेब पोर्टल ऑनसाइट डाटा अपडेटिंग, बिलिंग व सर्वे प्रक्रिया में भी सक्षम होगा।

**वन स्टॉप सॉल्यूशन की तरह करेगा काम**


यूपीएलसी द्वारा ललितपुर के लिए जिस मोबाइल पोर्टल का विकास किया जा रहा है वह %वन स्टॉप सॉल्यूशन% की तरह कार्य करने में सक्षम होगा। एक ओर, इस पोर्टल के विकास के के जरिए पेमेंट गेटवे, जियो टैगिंग और ऑनसाइट डेटा अपडेट व बिलिंग जैसी सुविधाओं का लाभ आम लोगों को मिलेगा, वहीं अधिकारियों की सहूलियत के लिए सर्वेक्षण, एमआईएस डाटा संकलन, काउंटर कलेक्शन व काउंटर आधारित हाउस टैक्स कलेक्शन एप्लीकेशन के रूप में भी काम कर सकेगा।

**एसएमएस बेस्ड अलर्ट सिस्टम से होगा लैस**

कंप्लेंट मैनेजमेंट सिस्टम तथा एसएमएस बेस्ड एलर्ट सिस्टम इस एप्लिकेशन की खासियत में और इजाफा करते हुए रेगुलर अपडेट्स नोटिफिकेशन के जरिए उपलब्ध कराने में सक्षम होंगे। इसमें कुल वार्ड वार संग्रह, कुल वर्षवार संग्रह, बिल भुगतान रिपोर्ट व दैनिक संग्रह रिपोर्ट समेत कई प्रकार की रिपोर्ट्स का संकलन किया जा सकेगा। इस पोर्टल व एप्लिकेशन के लागू होने से क्षेत्र के नगर पालिकाओं व नगर पंचायतों की कार्य प्रणाली में पारदर्शिता के स्तर में सुधार आएगा। उल्लेखनीय है कि इस पोर्टल के विकास के लिए यूपीएलसी अपने यहां इंपैन्ल्ड सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट कंपनियों व एजेंसियों से संपर्क में है और चयनित एजेंसी को कार्यावंटन की प्रक्रिया की शुरुआत कर दी है।

# अकबरपुर में दुकान व मकानों पर बुलडोजर चलाने पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

## कहा- पुनर्वास तक न हटाएं



एजेंसी

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने अकबरपुर में दुकान व मकानों को ढहाने की कार्रवाई पर रोक लगाते हुए अगले चार सप्ताह तक यथास्थिति बहाल रखने का आदेश दिया। मामले की अगली सुनवाई 22 जनवरी को होगी। लखनऊ जिला प्रशासन के दस्तों ने बृहस्पतिवार कुकरैल रिवर फ्रंट के दायरे में आने वाले अकबरनगर की अवैध बस्ती और बाजार पर सुबह से बुलडोजर चलाने का सिलसिला शुरू कर दिया। दस्ते ने सबसे पहले उन कारोबारी और परिवारों को निशाना बनाया जिनकी अपील को मंडलाआयुक्त डॉ रोशन जैकब ने सुनवाई के दौरान खारिज कर दिया था। इस बीच इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने अकबरपुर में दुकान व मकानों को ढहाने की कार्रवाई पर रोक लगाते हुए अगले चार सप्ताह तक यथास्थिति बहाल रखने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा वहां के निवासियों को दूसरी जगह पुनर्वासित किए जाने तक वहां से न हटाया जाए। न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने यह आदेश कई याचिकाओं पर लंबी सुनवाई के बाद दिया। याचिकाओं में अकबरपुर में निवासियों को हटाने और उनकी दुकान व मकान ढहाने की एलडीए की कार्रवाई को चुनौती दी गई थी। मामले की अगली सुनवाई 22 जनवरी को होगी। इसके पहले प्रशासन के दस्तों ने सुबह 8:00 बजे उन मकानों और दुकानों को तोड़ना शुरू कर दिया जिन पर नोटिस चस्पा की गई थी। तोड़फोड़ के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष मंगल झा ने अपने समर्थकों के साथ विरोध प्रदर्शन किया तो पुलिस ने दौड़ा-दौड़ा कर लाठियां से पीटा। प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने हिरासत में लेकर महानगर कोतवाली भेजा। पुलिस के लाठी चार्ज के बाद विरोध प्रदर्शन करने वाले भी ढीले हो गए। प्रशासन के दस्ते तोड़फोड़ करने में जुटे रहे। हालांकि, कोर्ट के आदेश के बाद लोगों को राहत मिलेगी।

# डिप्टी सीएम ने कर्मचारियों को दी कड़ी चेतावनी

## बोले, अस्पताल में हड़ताल की तो लगेगा एस्मा

संवाददाता



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के केजीएमयू में कर्मचारियों की हड़ताल पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने केजीएमयू का दौरा किया। उन्होंने मरीजों का हालचाल लिया और कर्मचारियों को कड़ी चेतावनी दी। अस्पताल परिसर में हड़ताल बर्दाश्त नहीं होगी। हड़ताल करने पर एस्मा (एसेंशियल सर्विसेज मैनेजमेंट एक्ट) लगाया जाएगा। मरीजों की जान से खिलवाड़ करने का अधिकार किसी को नहीं है। अगर कोई शिकायत है तो सीधे मिलें। हड़ताल से कोई हल नहीं निकलेगा। गुरुवार को केजीएमसी के ट्रॉमा सेंटर पहुंचे डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने मरीजों का हाल-चाल लिया, अस्पताल प्रबंधन और संविदा कर्मचारियों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि अस्पताल में मरीजों को इलाज मिलना चाहिए। कोई भी मरीज बगैर इलाज लिए यहां से न जाए। उन्होंने हड़ताली कर्मचारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अगर फिर से हड़ताल की तो एस्मा लगाया जाएगा। अस्पताल परिसर में हड़ताल अस्वीकार्य है। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि केजीएमसी में मरीजों को पर्याप्त उपचार मिल रहा है। स्वास्थ्य सेवाएं कतई बाधित नहीं हुई हैं। अगर किसी ने स्वास्थ्य सेवाओं को बाधित किया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि संबंधित कार्यदायी संस्था के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी लेकिन अपनी मांगों को मनवाने के लिए हड़ताल कोई जरिया नहीं है। अगर कोई समस्या है तो कर्मचारी किसी भी समय, सीधे उनसे संपर्क कर सकते हैं। डिप्टी सीएम ने केजीएमसी प्रबंधन से बातचीत करते हुए स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। कहा कि हर मरीज को उच्च स्तर की स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में मरीजों को पर्याप्त इलाज मिल रहा है और स्वास्थ्य सेवाएं बाधित नहीं हुई हैं। वहीं, मरीजों का कहना है कि उन्हें इलाज के लिए भटकना पड़ रहा है। केजीएमयू के आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने वेतन से रविवार व राजपत्रित अवकाश का पैसा काटे जाने के विरोध में कार्य बहिष्कार कर दिया। इससे इलाज बाधित हुआ। करीब एक हजार मरीजों को बिना इलाज के ही लौटना पड़ा।

## सम्पादकीय

# अखिलेश और शिवपाल एकजुट होकर समाजवादी पार्टी की किस्मत पलटने में लगे हैं

मैनपुरी उपचुनाव और यादव परिवार की एकजुटता ने भाजपा के समानांतर भविष्य तलाशने वालों की उम्मीद जगा दी है और अगर सपा ने निकाय चुनावों में ठीक-ठाक प्रदर्शन किया तो लोकसभा चुनावों के लिए छोटे दल फिर सपा के साथ आने को आतुर होंगे। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव काफी बदले-बदले नजर आ रहे हैं। हाल फिलहाल तक जो अखिलेश किसी की नाराजगी की चिंता नहीं करते थे, अब वह अपना परिवार और 'कुनबा' बचाने के लिए जद्दोजहद करते नजर आ रहे हैं। सपा की खोई हुई ताकत हासिल करने के लिए रूठों को मनाया जा रहा है तो बिछड़ों को पार्टी में वापस बुलाया जा रहा है। लम्बे समय के बाद चाचा शिवपाल यादव एक बार फिर भतीजे अखिलेश के खेवनहार बन गए हैं। उनका चाचा के प्रति विश्वास जगा तो मैनपुरी लोकसभा और खतौली विधान सभा सीट सपा के खाते में आ गई। खतौली विधानसभा सीट पर 2022 में बीजेपी से विक्रम सिंह सैनी विधायक चुने गए थे, जिनकी मुजफ्फरनगर दंगों में सजा मिलने के बाद विधानसभा सदस्यता रद्द हो गई थी। खतौली विधानसभा सीट पर उपचुनाव में बीजेपी ने विक्रम सिंह सैनी के परिवार पर ही भरोसा जताया था और उनकी पत्नी राजकुमारी सैनी को मैदान में उतारा था। राजकुमारी सैनी का सामना सपा-रालोद गठबंधन प्रत्याशी मदन भैया से हुआ था और उन्हें मदन भैया से करीब 23 हजार वोटों से हार का मुंह देखना पड़ा। अखिलेश यादव ने खतौली विधानसभा सीट राष्ट्रीय लोक दल को देकर एक बार फिर जयंत चौधरी पर भरोसा जताया था, जिस पर वह खरे उतरे। इसके बाद से सपा-रालोद गठबंधन के बीच का विश्वास बढ़ गया है। यह और बात है कि सपा नेता आजम खान के गढ़ रामपुर में सपा प्रत्याशी को हार का सामना करना पड़ा। बात मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव की कि जाए तो सपा प्रत्याशी डिंपल यादव की जीत के बाद अखिलेश यादव 2024 के आम चुनाव को लेकर उत्साहित नजर आ रहे हैं। चाचा शिवपाल के बीच दूरियां मिटने के बाद चाचा के कहने पर अखिलेश यादव अब पार्टी के असंतुष्टों और पूर्व सहयोगियों को फिर से साथ लाने में लग गए हैं। ऐसे कयास भी लगाए जा रहे हैं कि सपा अगर उत्तर प्रदेश के स्थानीय निकाय चुनावों में ठीक-ठाक प्रदर्शन करती है तो साल 2024 में होने वाले लोकसभा चुनावों से पहले कुछ भाजपा विरोधी दल सपा के पीछे लामबंद हो सकते हैं। मैनपुरी उपचुनाव में डिंपल की जबरदस्त जीत के बाद बदायूं के पूर्व विधायक आबिद रजा जहां पार्टी में दोबारा शामिल हो गए, वहीं सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने सपा के प्रति अपने तेवर में नरमी के संकेत देते हुए कहा, ÷शिवपाल सिंह यादव पहल करेंगे तो हमारी सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से फिर से बातचीत हो सकती है।÷

बहरहाल, राजनीतिक विश्लेषकों को लगता है कि मैनपुरी उपचुनाव और यादव परिवार की एकजुटता ने भाजपा के समानांतर भविष्य तलाशने वालों की उम्मीद जगा दी है और अगर सपा ने निकाय चुनावों में ठीक-ठाक प्रदर्शन किया तो लोकसभा चुनावों के लिए छोटे दल फिर सपा के साथ आने को आतुर होंगे। इसके लिए सबसे पहले अखिलेश और शिवपाल की निकटता को निकाय चुनाव की कसौटी पर खरा उतरना होगा और इस चुनाव के बाद 2024 के लोकसभा चुनाव की भी दिशा तय हो जाएगी। गौरतलब है कि 2022 के विधानसभा चुनाव में सुभासपा, महान दल, अपना दल (कमेरावादी) और जनवादी पार्टी (सोशलिस्ट) जैसे छोटे दलों ने सपा नीत गठबंधन के तहत चुनाव लड़ा था। अपना दल (कमेरावादी) को छोड़कर इनमें से बाकी सभी दलों ने विधानसभा चुनाव के बाद सपा से दूरी बना ली थी, लेकिन मैनपुरी में सपा की जीत के बाद इन दलों में एक बार फिर हलचल बढ़ गई है। मैनपुरी संसदीय सीट पर हुए उपचुनाव में डिंपल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी एवं भाजपा प्रत्याशी रघुराज सिंह शाक्य को 2.88 लाख से अधिक मतों से हराया। 2019 के लोकसभा चुनाव में मुलायम ने मैनपुरी से करीब 90 हजार मतों के अंतर से चुनाव जीता था। माना जा रहा है कि अखिलेश और शिवपाल के बीच मतभेद समाप्त होने और यादव परिवार की एकजुटता ने ही सपा के पक्ष में माहौल बनाया। राजनीतिक जानकार यही दावा कर रहे हैं कि अगर यादव परिवार की एकजुटता बनी रही तो लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में सपा ही भाजपा के खिलाफ मुख्य मुकाबले में नजर आएगी। यही वजह है कि पिछले विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के सहयोगी रह चुके राजभर 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर सपा में संभावनाएं तलाशने में जुट गए हैं। इस सिलसिले में जब राजभर से बातचीत की गई तो उन्होंने दो टूक कहा, बात करने में क्या दिक्कत है। कोई खेत-मेड़ का झगड़ा तो है नहीं, राजनीति में कौन किसका दुश्मन है। अपनी बात को बल देने के लिए राजभर बिहार में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) और राष्ट्रीय जनता दल (राजद), कश्मीर में भाजपा और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) और उत्तर प्रदेश में 2019 में सपा और बसपा के बीच हुए गठबंधन का उदाहरण भी देते हैं। राजभर ने दावा किया है कि हम निकाय चुनाव अकेले अपने दम पर लड़ेंगे, लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव में किसी न किसी से गठबंधन जरूर करेंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या सपा के किसी नेता ने सुभासपा से हाथ मिलाने की पहल की है, उन्होंने कहा कि अभी किसी ने कोई पहल नहीं की है। इसी तरह से विधानसभा चुनाव के बाद हुए विधान परिषद चुनाव में टिकट न मिलने से जनवादी पार्टी (सोशलिस्ट) के अध्यक्ष डॉ. संजय चौहान सपा से खफा हो गए थे, लेकिन अब वह फिर पार्टी के साथ आ गए हैं। 2019 में सपा के चिह्न पर चंदौली से लोकसभा चुनाव लड़ चुके डॉ. संजय चौहान ने स्वीकार किया, ÷विधान परिषद के चुनाव में मौका न मिलने से सपा से थोड़ी दूरी हो गई थी, लेकिन अब हम अखिलेश जी के साथ हैं और निकाय चुनाव में सपा का समर्थन करेंगे। उधर, महान दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव देव मौर्य कहते हैं कि हम लोग (छोटे दल) मुख्य खिलाड़ी नहीं हैं और मुख्य खिलाड़ी (बड़े दल) अभी पत्ते नहीं खोल रहे हैं। ऐसे में हम किसके साथ जाएंगे, इसे लेकर खूब तुक्केबाजी चल रही है।÷ अखिलेश के साथ दोबारा तालमेल बैठाने की संभावनाओं पर मौर्य ने कहा, ÷देखिए, अखिलेश यादव से ही नहीं, भाजपा से, कांग्रेस से, बसपा से, सभी से गठबंधन की संभावनाएं हैं। जब हम अपनी बदौलत एक भी सीट जीत नहीं सकते तो किसी न किसी

## ग़ज़ल

हर बात पे यूँ शोर मचाना नहीं अच्छा।  
हर चीज़ उछल कूद के पाना नहीं अच्छा।  
अंजाम बुरा देख के ज़रदार का समझा,  
यूँ ढेर ज़मीं ज़र का लगाना न हीं अच्छा।  
कल देख के दुनिया की बुरी चाल कमीनी,  
ये मान लिया आज ज़माना नहीं अच्छा।  
हर वक्त ही ग़ीबत की कहानी नहीं अच्छी,  
हर वक्त मुसीबत का तराना नहीं अच्छा।  
आबो हवा के हम ही मुहाफ़िज़ हैं जहां में,  
कूड़े को खुले आम जलाना नहीं अच्छा।  
संयम का बदल कोई ज़माने में नहीं है,  
बेबात के झगड़े को बढ़ाना नहीं अच्छा।  
तलवार केबलपर कहाँ टिकतीहै हुकूमत,  
मज़लूम को बेवज़ह सताना नहीं अच्छा।



हमीद कानपुरी,  
अब्दुल हमीद इदरीसी,  
कानपुर -208004

# नेशनल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज की शताब्दी का जश्न मनायेंगे पुरातन छात्र

24 दिसम्बर को लखनऊ में लगेगा पूर्व छात्रों का जमावड़ा, पुरानी यादें होंगी ताजा

कॉलेज ने दिये हैं कई ऐसे चिकित्सक, जिन्होंने हासिल किया प्रतिष्ठित मुकाम

नेशनल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज

लखनऊ। राजधानी लखनऊ स्थित नेशनल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज अपने एक सौ एक वर्ष पूर्ण कर चुका है, और इस मेडिकल कॉलेज ने होम्योपैथी के सुप्रसिद्ध चिकित्सक दिए है, जो पूरे भारत के ख्यातिप्राप्?त चिकित्सक हुए हैं, आगामी 24 दिसंबर को नेशनल और मोहन होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज की एलुमिनाई मीट का कार्यक्रम लखनऊ होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एलुमिनाई एसोसिएशन द्वारा किया जा रहा है, जिसमे भारत के विभिन्न क्षेत्रों में रहने वाले इस कॉलेज के पुरातन डॉक्टर एक बार फिर लखनऊ की सरजमीं पर मिलकर अपने पुराने दिनों को याद करेंगे। यह जानकारी देते हुए एलुमिनाई एसोसिएशन की तरफ से डॉ. दुर्गेश चतुर्वेदी ने बताया, 20वीं शताब्दी के आरम्भ में होम्योपैथिक चिकित्सा शिक्षा के विकास के लिए एक संस्था की आवश्यकता महसूस होने लगी, फलस्वरूप सन 1912 में डॉ. जीएन ओहदेदार के मार्गदर्शन में लखनऊ के होम्योपैथिक चिकित्सकों द्वारा लखनऊ होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज प्रारम्भ किया गया, जो वर्ष 1920 तक अपने अस्तित्व में रहा। वर्ष 1921 में डॉ. बीएस टण्डन के कुशल नेतृत्व में ÷नेशनल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय÷ की स्थापना की गयी और पूर्व स्थापित मेडिकल कॉलेज का संविलियन कर दिया गया। अमेरिका के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. जे.टी. कैंट के शिष्य शिकागो से एम.डी. डिग्री प्राप्त डॉ. जी. सी. दास इस मेडिकल कॉलेज के प्रथम प्राचार्य रहे।

मोहन होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज

इस संस्था में सन 1921 से सन 1940 तक दो वर्षीय ÷एचएमबी÷ स्नातक पाठ्यक्रम चलाया जाता था, बाद में 1940 से 1950 तक इसे उच्चीकृत कर तीन वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम चलाया गया। सन 1950 से इस संस्था द्वारा चार वर्षीय बीएमएस (डिप्लोमा) पाठ्यक्रम प्रारम्भ किया गया, जिसे वर्ष 1951 में मेडिसिन बोर्ड से सम्बद्ध कर दिया गया।

वर्ष 1957 में इस संस्था की सोसाइटी को राज्य सरकार द्वारा गठित समिति ने अधिग्रहित कर लिया, इस प्रबन्ध समिति के अधीन यह संस्था फरवरी 1968 तक कार्यरत रही। राज्य सरकार द्वारा 1 मार्च 1968 से इस संस्था को पूर्णतया प्रान्तीयकरण कर दिया गया, और तबसे यह संस्था एक राजकीय संस्था के रूप में कार्यरत है। वर्ष 1961 से पांच वर्षीय जीएचएमएस पाठ्यक्रम प्रारम्भ किया गया और चिकित्सा विद्यालय को आगरा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कर दिया गया। भारत ही नहीं अपितु पूरे एशिया महाद्वीप में होम्योपैथिक विधा में स्नातक अर्हता (डिग्री) प्रदत्त करने वाला प्रथम मेडिकल कॉलेज का गौरव प्राप्त इसी कॉलेज को है। वर्ष 1981 में होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेजों के प्रान्तीयकरण के बाद बीएचएमएस स्नातक पाठ्यक्रम लागू कर दिया गया। 27 फरवरी 2000 को तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने गोमतीनगर स्थित नेशनल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय के शिक्षण भवन, बाह्य रोगी भवन का लोकार्पण एवं हैनिमैन चौराहे पर 22 फ़ीट की डॉ. हैनिमैन की प्रतिमा का अनावरण किया। वर्तमान में इस मेडिकल कॉलेज में एम.डी. पाठ्यक्रम तीन होम्योपैथिक विषयो में प्रारंभ हो चुकी है।

मोहन होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज

डॉ. एसडी सिंह ने बताया 18 अगस्त 1961 को प्रख्यात होम्योपैथ स्व. डॉ. बी.एस. टंडन द्वारा मात्र आठ छात्रों के माध्यम से ÷हैनिमैनियन होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज÷ की स्थापना की गयी। वर्ष 1963 में कॉलेज का नाम बदलकर लखनऊ के तत्कालीन मेयर लेफ्टिनेंट कर्नल बीआर मोहन के नाम पर ÷मोहन होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज÷ रखा गया। उन्होंने बताया कि वर्ष 1978 के पूर्व छात्रों के प्रवेश के लिए प्रथम वर्ष के छात्रों की संख्या का निर्धारण होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड द्वारा किया जाता था, जिसकी संख्या 100 से 300 तक थी, ऐसे में मेडिकल कॉलेज में तीन पालियों में सुबह, दोपहर एवं शाम में पढ़ाई होती थी। प्रदेश में संचालित प्राइवेट होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेजों में व्याप्त कुव्यवस्था और होम्योपैथिक मेडिसि?न बोर्ड की मनमानी से त्रस्त छात्रों ने 2 मई 1977 को प्रदेश सरकार के विरुद्ध वृहद आंदोलन शुरू कर दिया, जो कई वर्षों तक चला, जिसके फलस्वरूप 11 दिसंबर 1981 को सभी होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेजों का प्रान्तीयकरण कर दिया गया। इस तरह से 1981 के बाद मोहन होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज भी राज्य सरकार के अधीन हो गया और यहां भी बीएचएमएस (डिग्री) पाठ्यक्रम प्रारम्भ किया गया और प्रवेश के लिए सीपीएमटी के माध्यम से छात्रों का चयन प्रारम्भ हुआ। इसके बाद केंद्रीय होम्योपैथिक परिषद नई दिल्ली के मानकों को पूर्ण न कर पाने की स्थिति में 17 फरवरी 2001 को मोहन होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज का संविलियन नेशनल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में कर दिया गया।

प्रसिद्ध चिकित्सक जिन पर नाज है कॉलेज को

नेशनल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज की छात्रा रहीं और फिर उत्तर प्रदेश होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में सबसे पहली महिला प्रोफेसर बनी प्रो. रेनू महेंद्र ने बताया कि इस कॉलेज ने अनेक सुप्रसिद्ध चिकित्सक दिये हैं, जिन्होंने नये आयाम स्थापित षकिये हैं। उन्होंने इन चिकित्सकों के किये गये कार्यों के बारे में संक्षिप्त जानकारी भी दी।

1- डॉ. जीएन ओहदेदार- सन 1912 में ÷लखनऊ होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज की स्थापना की।

2- डॉ. बीएस टंडन- सन 1921 में नेशनल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं 1961 में मोहन होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज की स्थापना की !

सन 1925 में अमीनाबाद के झंडे वाले पार्क के पास 5 पैसे और 10 पैसे में मरीजों का इलाज करते थे।

3- डॉ. प्यारेलाल श्रीवास्तव- प्रसिद्ध होम्योपैथिक चिकित्सक लखनऊ के छाछी कुआं के पास प्रैक्टिस करते थे, और अपने जीवन के अंतिम पांच वर्षों में लकवा रोग से पीड़ित होने के बावजूद बिस्तर पर लेट कर ही प्रतिदिन सैकड़ों मरीज देखते थे।

4- डॉ. एपी अरोड़ा- 1937 में नेशनल कॉलेज में एडमिशन लिया, और मेडिकल शिक्षा ग्रहण करने के बाद लाहौर के अनारकली बाज़ार में प्रैक्टिस करते थे, भारत के विभाजन के बाद वह लखनऊ आये और यहां कैसरबाग में प्रैक्टिस करते थे बाद में उनके पुत्र डॉ. नरेश अरोड़ा भी नेशनल कॉलेज से पढ़ाई कर उनका सहयोग करने लगे।

5- डॉ. एनडी सिंधी- 1939 में नेशनल कॉलेज में एडमिशन लिया और शिक्षा पूर्ण होने के बाद सिंध प्रांत ( पाकिस्तान) में प्रैक्टिस करते थे, विभाजन के बाद लखनऊ आ गये और लालबाग में प्रैक्टिस करते थे उनके यहां प्रतिदिन 200 से 300 मरीज आते थे।

6- डॉ. केएस खालसा- पुरी होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य के पद पर रहे।

7- डॉ. एमसी बत्रा- नेशनल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य रहे बाद में इनके पुत्र डॉ. मुकेश बत्रा ने ÷बत्रा होम्योपैथिक क्लीनिक÷ की शुरुआत की और देश-विदेश में कई क्लिनिक की स्थापना की।

8- डॉ. वीके गुप्ता ङ्क पद्मश्री अवॉर्ड से सम्?मानित किये गये तथा प्राचार्य नेहरू होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज दिल्ली के पद पर रहे।

9- डॉ. गिरेन्द्र पाल- राजस्थान में होम्योपैथी का प्रचार- प्रसार किया एवं प्रथम होम्योपैथी यूनिवर्सिटी जयपुर की स्थापना की।

10- डॉ. शशि मोहन शर्माङ्क वर्तमान में हैनिमैन होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज लंदन ( इंग्लैंड) के प्राचार्य हैं।

11- डॉ. जीबी सिंह- राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज कानपुर के प्राचार्य रहे, तीन बार विधायक रहे जिसमे एक बार वर्ष 1998 से 2002 तक वन एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री रहे !

12- डॉ. एससी अस्थाना- भारत सरकार द्वारा स्थापित छ्ष्टक्र्रद्धस्न के पहले निदेशक बने।

13- डॉ. सुनील कुमार- होम्?योपैथिक ड्रग रिसर्च इंस्?टीट्यूट के पहले निदेशक बने।

14 डॉ. बीएन सिंह- नेशनल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य, उत्तर प्रदेश होम्योपैथी के निदेशक एवं उत्तरप्रदेश होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड के अध्यक्ष पद पर अपनी सेवा दी। 15 डॉ. नरेश अरोड़ा- 15 वर्ष तक केंद्रीय होम्योपैथिक परिषद के सदस्य रहे। 16- डॉ. अनुरुद्ध वर्मा- 25 वर्ष तक केंद्रीय होम्योपैथिक परिषद के सदस्य रहे। 17- डॉ. गिरीश गुप्ता- भारत के सुप्रसिद्ध होम्योपैथिक चिकित्सक जिन्होंने 70 से ज्यादा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय शोध पत्र प्रकाशित किये एवं वर्तमान में नेशनल कमीशन ऑफ होम्योपैथी के सदस्य भी हैं।

# हर फिक्र को धुएं में उड़ाता चलागया

धर्मदेव आनंद, जो की देव आनन्द के नाम से प्रसिद्ध थे, का जन्म 26 सितम्बर 1923 में गुरदास पुर (जो अब नारोवाल जिला, पकिस्तान में है) में हुआ और उनका निधन 3 दिसम्बर 2011 रात 10 बजे को लंदन में हृद्याघात से हुआ। वे भारतीय सिनेमा के बहुत ही सफल कलाकार, निर्देशक और फ़िल्म निर्माता थे। उनके पिता किशोरीमल आनंद पेशे से वकील थे। उन्होंने गवर्नमेंट कॉलेज लाहौर से अंग्रेजी साहित्य में स्नातक की डिग्री प्राप्त की। देव आनंद के भाई, चेतन आनंद और विजय आनंद भी भारतीय सिनेमा में सफल निर्देशक थे। उनकी बहन शील कांता कपूर प्रसिद्ध फ़िल्म निर्देशक शेखर कपूर की माँ है। भारतीय सरकार ने देव आनंद को भारतीय सिनेमा के योगदान के लिए 2001 में पद्म भूषण और 2002 में दादासाहेब फाल्के पुरस्कारों से सम्मानित किया।

## जब देव आनंद से ज्यादा उनके डुप्लीकेट के पास आने लगीं फिल्में, ऐसा था दिग्गज अभिनेता का रिएक्शन

हिंदी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता रहे देव आनंद अपने दौर के सबसे लोकप्रिय अभिनेताओं में से एक थे। साल 2011 में 3 नवंबर के दिन सिनेमा के इस अनमोल हीरे ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। देव आनंद साहब जब वह पर्दे पर उतरते थे तो उनके अभिनय के साथ ही उनका स्टाइल भी इतना पॉपुलर हो जाता था कि लोग उसकी कॉपी किया करते थे। हालांकि हिंदी फिल्मों में एक कलाकार ऐसा भी हुआ जो अपने नाम की जगह



डुप्लीकेट देव आनंद के नाम से पहचाना गया। वह हैं किशोर भानुशाली। किशोर भानुशाली काफी सफल अभिनेता रहे हैं उन्होंने कई फिल्मों में काम किया लेकिन उन्हें ज्यादातर देव आनंद के स्टाइल वाले किरदार में ही देखा गया है। एक बार देव आनंद ने खुद उनको मिलने के लिए बुलाया था और उस समय किशोर भानुशाली के पास कई फिल्में थीं। तो चलिए जानते हैं देव आनंद और उनके डुप्लीकेट से जुड़ा ये दिलचस्प किस्सा।

## किशोर भानुशाली नहीं जानते थे कौन हैं देव आनंद

जिन देव आनंद के डुप्लीकेट के नाम से जय भानुशाली खूब लोकप्रिय हुए, लेकिन बचपन में उन्हें देव आनंद का नाम तक नहीं सुना था, क्योंकि वह तो राजेश खन्ना के फैन थे। एक बार किशोर भानुशाली ने बताया था कि जब फिल्म कटी पतंग रिलीज हुई थी तब मैं पांच-छह साल का रहा होऊंगा। तब काकाजी यानी राजेश खन्ना जी का जमाना था। उस वक्त किसी ने मुझे कहा कि तुम्हारी शक्ल बिल्कुल देवानंद जी जैसी है। मैं जानता नहीं था कि देवानंद कौन हैं। फिल्म दिल में जब किशोर भानुशाली ने काम किया तो वह काफी लोकप्रिय हो गए और इसी फिल्म को देखने के बाद ही देव आनंद साहब ने उन्हें मिलने के लिए बुलाया था। किशोर कुमार ने एक बार इंटरव्यू के दौरान बताया था कि फिल्म दिल रिलीज होने के बाद जब देव आनंद साहब ने मुझे मिलने के लिए बुलाया तो मैं उनसे मिलने उनके ऑफिस गया था। जब किशोर भानुशाली वहां पहुंचे तो उन्हें देखते ही देव आनंद साहब ने अपने स्टाइल में कहा- क्यों किशोर ना है न? दिल देखी है मैंने और मुझे लगता है कि आपको ही कॉपी करना पड़ेगा अब कितनी फिल्में हैं तुम्हारे पास?

## बेहद जिंदादिल इंसान थे देव आनंद

किशोर भानुशाली ने ये किस्सा साझा करते हुए बताया था कि उन्होंने उस समय देव आनंद साहब से कहा कि उनके पास आठ से दस फिल्में होंगी तो दिग्गज अभिनेता ने किशोर भानुशाली से मजाकिया अंदाज में कहा मुझे कुछ फिल्में दिलवाओ। हालांकि देव आनंद ने ये बात मजाकिया लहजे में कही थी। बता दें कि देव आनंद साहब पर्दे के साथ ही निजी जिंदगी में

# महिला उत्पीड़नः महिलाओं के साथ बर्बरता क्षम्य या अक्षम्य

महिला उत्पीड़न अक्षम्य अपराध है% यह पंक्ति मेरे ऑफिस में कई जगह पोस्टर के रूप में टंगी हुई है। न्यूज रूम में काम के दौरान जब महिला उत्पीड़न और महिलाओं के साथ बर्बरता व बलात्कार की खबरें आती हैं तो मेरी नजरें सबसे पहले इन्हीं पोस्टर्स पर जाती हैं। महिला उत्पीड़न और बलात्कार की हेडिंग पढ़कर खून खौल उठता है तो दूसरी ये पोस्टर्स सोच में डाल देते हैं कि आखिर जिस देश में महिलाओं को देवी का स्वरूप माना जाता है, उस देश में ऐसी पंक्ति लिखने की नौबत क्यों आई?

महिला उत्पीड़न अक्षम्य अपराध है% यह पंक्ति मेरे ऑफिस में कई जगह पोस्टर के रूप में टंगी हुई है। न्यूज रूम में काम के दौरान जब महिला उत्पीड़न और महिलाओं के साथ बर्बरता व बलात्कार की खबरें आती हैं तो मेरी नजरें सबसे पहले इन्हीं पोस्टर्स पर जाती हैं। महिला उत्पीड़न और बलात्कार की हेडिंग पढ़कर खून खौल उठता है तो दूसरा ये पोस्टर्स सोच में डाल देते हैं कि आखिर जिस देश में महिलाओं को देवी का स्वरूप माना जाता है, उस देश में ऐसी पंक्ति लिखने की नौबत क्यों आई? एक सवाल यह भी आता है कि ये पंक्तियां क्या सिर्फ लिखने के लिए हैं? क्योंकि कुछ गिने-चुने मामलों को छोड़ दें तो भारत में 31 हजार से ज्यादा बलात्कार और उत्पीड़न के मामले केवल दर्ज होकर रह जाते हैं। चर्चा और कार्रवाई इक्का-दुक्का मामलों में होती दिखती है।



## कुछ मामले जो चर्चा में आए

ज्यादा पीछे न जाकर हाल ही में सुर्खियों में रहे कुछ अपराधों के बारे में जिक्र करूंगी, जिनसे यह साबित हो गया कि देश में अब महिला उत्पीड़न %क्षम्य अपराध% बन गया है। आप जी खोलकर अपराध करते रहिए क्योंकि आपको बचाने के लिए यहां हजारों लोग बैठे हुए हैं लेकिन सवाल करने वाला कोई नहीं। हाल में बिलकिस बानो का मामला सामने आया, जिनके दोषियों को फांसी की सजा देने की बजाय उम्रकैद की सजा दी गई थी। कुछ साल सजा काटने के बाद उन अपराधियों को छोड़ भी दिया गया। छोड़ने का जो कारण बताया गया वह हास्यास्पद और हैरान करने वाला है। इस फैसले के बाद ज्यादातर लोग मौन रहे। कई लोगों ने इसके खिलाफ आवाज भी उठाई लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। आवाज उठाने वाले भी थककर बैठ गए लेकिन जिम्मेदारों के कान पर जूं तक नहीं रेंगी।

## चर्चा में आने के बावजूद अपराधियों को कठोर सजा नहीं

इसके बाद मामला आया किरण नेगी का। निर्भया से भी क्रूर यातनाएं किरण नेगी को दी गई थीं। अपराध अपराध होता है, किसी भी मामले से तुलना करना सही नहीं है लेकिन यहां करना पड़ेगा, क्योंकि इन मामलों में देश के कानून, इनके नियंताओं और देशवासियों का दोहरा चरित्र देखने को मिला। एक मामले में पूरा देश सड़क पर उतर आया और दोषियों को सजा दिलवाने के बाद ही चैन से सोया। वहीं दूसरे मामले में नियम नियंताओं ने निर्णय दिया और देश ने चुप्पी साध ली। सिर्फ देश ही नहीं बड़े-बड़े मीडिया संस्थानों ने भी किरण नेगी मामले पर बोलना जरूरी नहीं समझा। नतीजा यह हुआ कि आज देश में ज्यादातर लोगों को किरण नेगी मामले के बारे में पता ही नहीं है। किरण नेगी के साथ हैवानियत की गई थी यह बात स्वीकारते हुए भी अदालत ने गिरफ्तार अपराधियों को छोड़ दिया। अगर वे दोषी नहीं थे तो इस मामले में दोषी कौन हैं? इसकी छानबीन करना और उन्हें सजा दिलाना किसकी जिम्मेदारी है? अदालत ने तो आसानी से अपना पल्ला झाड़ते हुए केस को बंद कर दिया लेकिन असल अपराधी तो खुलेआम घूम रहे हैं।

## ऐसी व्यवस्था बने कि बेटियां आवाज उठाएं

महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों, खासकर यौन शोषण के मामलों पर आवाज उठाने वाली एक्टिविस्ट योगिता भयाना कहती हैं- देश और राज्य की सरकारों को बेटियों के साथ किए जा रहे यौन अपराधों और अपराधियों पर सख्ती बरतनी चाहिए। जो भी आरोपी हों उन्हें पुलिस गिरफ्तार करने में देर न करे। कोर्ट रेप जैसे जघन्य अपराध के दोषियों को आसानी से बेल, परोल न दे। इससे देश की न्याय प्रणाली से बेटियों को आत्मविश्वास डगमगा जाएगा और कोई भी बेटी अपने साथ हुए अपराध के खिलाफ आवाज उठाने से डरेगी। उसको अपनी आवाज उठाने का स्पेस होना चाहिए।%

## साल-दर-साल बढ़ते बलात्कार के मामले

अगस्त 2022 में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) ने भारत में 2021 में महिला अपराध मामलों में एक रिपोर्ट जारी की। उसमें सिर्फ रेप के 31677 मामले दर्ज होने का आंकड़ा है। ये आंकड़े दर्ज किए गए मामलों के हैं, न जाने कितने मामले आते रहते हैं जिनको समझौतों या रुपयों की दबिश देकर दबा दिया जाता है, जिन्हें कोई जानता भी नहीं। साल 2020 में दर्ज बलात्कार के मामलों की संख्या 28046 थी, जबकि 2019 में यह 32033 थी। यानी 2019 की तुलना में 2020 में रेप के मामले कम दर्ज किए गए, लेकिन 2021 में फिर से दर्ज मामलों की संख्या बढ़ी। यह भी बात सामने आती रहती हैं कि ज्यादातर रेप मामलों में पीड़िता का कोई जानने वाला ही शामिल होता है।

## रेप के राज्यवर आंकड़े

एनसीआरबी की रेप केसे वाली रिपोर्ट में राजस्थान (6337), मध्य प्रदेश (2947), महाराष्ट्र (2496) और उत्तर प्रदेश (2845) जैसे राज्य शीर्ष पर थे, जबकि दिल्ली में 2021 में 1250 बलात्कार के मामले दर्ज किए गए थे। जनसंख्या के आधार पर देखें तो रेप मामले में अपराध की दर (प्रति लाख जनसंख्या) राजस्थान (16.4) में उच्चतम थी। इसके बाद चंडीगढ़ (13.3), दिल्ली (12.9), हरियाणा (12.3) और अरुणाचल प्रदेश (11.1) का नंबर है। हर साल सिर्फ बलात्कार के हजारों मामले सामने आते हैं, लेकिन पीड़िताओं को न्याय मिलने में वर्षों लग जाते हैं। कुछ को न्याय मिल जाता है, वहीं कुछ मामले सबूतों के अभाव या किसी अन्य कारण से रफा-दफा कर दिए जाते हैं। ये सब देख ऐसा लगता है कि महिलाओं के साथ ज्यादती क्षम्य है।

# लखनऊ में अपराधी हो रहे बेखौफ

# खकी के निशाने पर कलमकार

द अचीवर टाइम्स संवाददाता

**लुखनऊ।** पुलिस ने नया बखेड़ा खड़ा कर दिया है. इसे लेकर अब शहर के पत्रकारों में नाराजगी देखी जा रही है. दरअसल बुधवार 18 दिसंबर को यातायात उप निरीक्षक आसिफ अख्तर ने एक न्यूज़ चैनल के पत्रकार को थप्पड जड़ दिया. इसके बाद पत्रकार का मोबाइल छीन कर वीडियो को डिलीट किया और मन भर






यातायात बूथ के अंदर पिटाई की दही का वीडियो किसी व्यक्ति ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया वीडियो वायरल होने के बाद यातायात उप निरीक्षक को टीपी लाइन भेज दिया यातायात पुलिसवालों का कुछ पत्रकार वीडियो बनाने लगे. क्योंकि वहां अवैध वसूली चल रहे थी यातायात उप निरीक्षक आसिफ अख्तर को यह रास नहीं आया तो पत्रकारों को धकियाकर बाहर निकाल दिया और पब्लिक प्लेस पर थप्पड़ जड़ दिए।

## करीब 72 घंटे बीत जाने के बाद यातायात सिपाहियों पर नहीं हुई कार्रवाई

**लखनऊ।** लखनऊ के बिजनौर अंडरपास पर 18 दिसंबर की करीब 3:00 बजे की घटना है जहां पर यातायात उप निरीक्षक आसिफ अख्तर व उनके यातायात सिपाहियों द्वारा चेकिंग के नाम पर गाड़ी रोक कर बूथ के अंदर सेटिंग की जा रही थी पत्रकारों को अवैध वसूली का सबूत अधिकारियों को दिखाना था क्योंकि लखनऊ की कमिश्नरी पुलिस बिना सबूत की मानती नहीं किसी को लेकर वीडियो बनाता देख यातायात उप निरीक्षक ने मोबाइल तोड़कर पत्रकार कमी को बलपूर्वक पिटाई की उसके बाद पीड़ित पत्रकार को ही उल्टा थाने में घंटे बैठाया और तहरीर देकर मुकदमा लिखने की धमकी दी उसके बाद में यातायात उप निरीक्षक आसिफ अख्तर ने पत्रकार को धमकी देकर लिखित में सुला नाम लिखवाया करवाई तो तब हुई जब पत्रकार संगठन स्थानीय का घेराव किया उसके बाद हरकत में आईडीपी ट्रैफिक में या तो यार उप निरीक्षक आसिफ अख्तर को टीपी लाइन भेज दिया।

### लखनऊ के कुछ पत्रकारों की प्रतिक्रियाए

**अभिषेक मलिहाबाद**

लखनऊ कमिश्नरेट पुलिस बेलगाम हो गई है. सामाजिक जगह पर खुलेआम किसी को भी थप्पड़ मार देती है। पहले प्रदीप शुक्ला पत्रकार को सबके सामने वीडियो बनाने पर थप्पड़ मार दिया जाता है, और उसके बाद थाने में पत्रकार को डरा धमका कर बैठाया जाता है ताकि उनकी बंद गुत्थी ना खुल सके वीडियो बनाने पर उन्हें बाहर निकलने को कहते है ।

**प्रवीण मिश्रा**

लखनऊ पुलिस की कथित कहासुनी का एक विडियो ये भी है। थाने में एक महिला से दरोगा कांस्टेबल कैसे बात कर रहा है? धमका रहा है। मीडिया को रोका जा रहा है। लखनऊ की मित्र पुलिस

**निखिल मिश्रा**

लखनऊए कमिश्नरेट में आप सारा काम पुलिस की मर्जी से करिए खबर भी उन्ही के हिसाब से बनाइए और लगता है लखनऊ में पुलिस जनता की सेवा के लिए नही बल्कि उन पर शासन करना चाहती है!

## यातायात उप निरीक्षक व सिपहियों ने किया पत्रकार के साथ अभद्र व्यवहार मारा चाटा

**लखनऊ।** धक्का-मुक्की के दौरान प्रदीप शुक्ला इलेक्ट्रोनिक मीडिया के पत्रकार का मोबाइल भी टूट गया। पत्रकारों ने जब इसका विरोध किया तो पुलिसकर्मियों ने उन्हें झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। पत्रकारों ने पुलिस के उच्च अधिकारियों को भी इस मामले से अवगत करा दिया और थाने में भी शिकायत दे दी है। पत्रकारों ने इस मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों से कर दोषी यातायात पुलिस कर्मियों के खिलाफ उचित कार्यवाही करने की मांग की हैं। लखनऊ के सभी पत्रकारों ने जिला प्रशासन व प्रदेश सरकार से इस मामले में न्याय दिलाने की मांग की हैं। पत्रकारों का कहना है कि यदि दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन करने को

## ईटीसी वार्ड का जिला मलेरिया अधिकारी ने किया औचक निरीक्षण



द अचीवर टाइम्स संवाददाता

**नवाबगंज- उन्नाव।** राजमार्ग स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्थापित ईटीसी वार्ड का गुरुवार दोपहर जिला मलेरिया अधिकारी रमेश चंद्र यादव ने औचक निरीक्षण किया। जहां संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इसके बाद एएनएम, सीएचओ एवं संगनियों के साथ बैठक कर बताया कि आगामी 10 फरवरी से 28 फरवरी तक चिन्हित ग्रामों में फाइलेरिया रोग से पीड़ित मरीजों का चिन्हांकन किया जाएगा। इस दौरान मरीजों की रक्त पट्टिकाएं बनाने के लिये गांव में रात्रि शिविर आयोजित किये जाएंगे। बताया कि नवाबगंज क्षेत्र के 18 गांवों में फाइलेरिया पीड़ित रोगी थे, जिनकी संख्या कम होने के चलते अब क्षेत्र के 10 गांवों में फाइलेरिया के मरीज अधिसंख्या में पाए जाते हैं। इस बार हेल्थ वेलनेस सेंटर व स्वास्थ्य उपकेंद्रों के हिसाब से मरीजों का चिन्हांकन होगा। बताया कि एमएमबीपी किट वितरित करने के साथ क्षेत्र में एमडीए की खुराक भी खिलाई जाएगी। स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ राजेश कुमार ने बताया कि अब हेल्थ वेलनेस सेंटर पर हीमोग्लोबिन की तुरंत जाँच उपलब्ध होगी। जिसके लिए सभी को हीमोग्लोबिन रैपिड टेस्ट किट उपलब्ध करा दी गई है। जिसकी ट्रेनिंग एलटी अनिल कुमार ने दी। बैठक के दौरान बीपीएम मलखान सिंह, अमित पाल, पंकज बाला, दीपिका, मीनू साहू, अभिनव, शिवानी, स्वेता, सीमा शुक्ला आदि समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहें।

## एक नज़र

### अवैध कब्जे को लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

द अचीवर टाइम्स- नीरज शुक्ला

**रामनगर बाराबंकी।** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बड़नपुर में ग्रामीणों ने एसडीएम रामनगर को ज्ञापन देते हुए कहा है कि गांव के ही रामदुलारे पुत्र बलई और विमलेश,मिथिलेश पुत्र रामदुलारे ने जबरदस्ती खलिहान की भूमि पर कब्जा कर मकान बनाने जा रहे है। और तो और गांव के लगभग बीस घरों का पानी जिस नाले से निकलता है उसको मिट्टी पाट कर बन्द कर दिया है जिसके कारण ग्रामीणों पर एक बड़ी समस्या खड़ी हो गयी है। लगभग तीस वर्ष से जो पुलिया बनी हुई है उसको भी पाटकर मकान का निर्माण करवाया जाने लगा है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि पूरे गांव में चर्चा है कि राजस्व विभाग के कुछ कर्मचारियों की मिलीभगत के कारण इन दबंगो के हौसले बुलंद है। इन्ही समस्याओं को लेकर ग्रामीणों ने एसडीएम को प्रार्थना पत्र देते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

### लापता नेहा के ससुरालियों को बैठाकर की पूछताछ

बदायूं की नेहा नाम की युवती बरेली से लापता है। कोतवाली में उसकी गुमशुदगी दर्ज है। मंगलवार को उसके परिजनों ने ससुरालियों पर नेहा को गायब करने का आरोप लगाया था। कैंट में शव मिलने के बाद शोर मचा कि नेहा की हत्या कर दी गई है। पुलिस ने शव का फोटो नेहा के पिता को भेजा तो उन्होंने पहचानने से इन्कार कर दिया। इधर, कोतवाली प्रभारी डीके शर्मा ने नेहा के पति राहुल वार्ष्णेय व उसके परिजनों को बैठाकर पूछताछ की। चेतावनी दी कि नेहा के साथ कोई अनहोनी हुई तो वह बच नहीं पाएंगे। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने बताया कि पहचान न होने से शव का पोस्टमॉर्टम अभी नहीं कराया है।

## बी बी गुप्ता मेमोरियल टूर्नामेंट के चौथे दिन का प्रदर्शन

## मैन ऑफ़ दा मैच अपूर्व वी सिंह यूथ क्रिकेट क्लब को चुना गया

द अचीवर टाइम्स रघुनाथ सिंह

**लखनऊ।** चौथे बीबी गुप्ता गुप्ता मेमोरियल टूर्नामेंट के चौथे दिन पर खेले गए दिन के पहले मुकाबले में डीवाईए की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया।

पहले बैटिंग कृति हुए यूथ क्रिकेट एकेडमी की टीम ने बढ़िया बैटिंग करते हुए 159 रन बनाए। कुलदीप चौहान ने 32 बॉल पीआर 49, सत्यम अवस्थी ने 20 बॉल पीआर 32। इसके अलावा विनायक निगम और रचित शुक्ला ने भी 26 और 22 रन बनाए। ये अब तक टूर्नामेंट का उच्चतम स्कोर था। DYA की तरफ से निशेष सिंह ने 2 विकेट लिए।

रनों का पीछा करते हुए ष्ठङ्घ की टीम पिच हो गई और 17.4 ओवर में 116 रन बन गए। अंशुमन शुक्ला ने 36 और अचिंतो दास ने 27 रन बनाए। अपूर्व सिंह ने शानदार बॉलिंग करते हुए सिर्फ 11 रन देकर 4 विकेट लिए, उनकी गेंदबाजी के लिए उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया।







**दिन के दूसरे मुकाबल में एलडीए का लाइफ केयर क्रिकेट क्लब था।**

लाइफ केयर की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। पहले बैटिंग करते हुए लाइफ केयर के लिए बल्लेबाक, खास कर न सके और सिर्फ 94 रन बना पाए। अमन यादव ने सबसे ज्यादा 23 रन बनाए। लाडा की तरफ से अक्षदीप ने 3 विकेट लिए। उनके अलावा वेदांश और प्रियांशु आनंद ने भी 2-2 विकेट लिए।

लक्ष्य का पीछा करने के लिए एलडीए की टीम ने 18.4 ओवर में 5 विकेट खोकर रन बना लिए। अल्ताफ ने 30 रन और शिवम पांडे ने 22 रन की पारी खेली। लाइफ केयर के लिए तुषार और क्षितिज ने 2-2 विकेट लिए।

## सिम्भावली ब्लाक के गांव हरोडा में अब्दुल नाम के व्यक्ति पर हजारों लोगों से अवैध वसूली का लगा आरोप





द अचीवर टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** ग्राम हरोड़ा कंपोनेंट स्कूल हरोडा में अब्दुल नाम का व्यक्ति पिछले 6 माह से आधार कार्ड संशोधन व नए आधार कार्ड बनाने का कार्य कर रहा है। जिसमें यह सरकारी फीस अधिक वसूल कर रहा है। वह ए. बी.एस.ए का नाम पर जनता को ठग रहा है जिस की सूचना विश्व हिन्दू महासंघ (उत्तर प्रदेश) के जिला अध्यक्षहापुड नीरज शर्मा ने दी है। इन्होंने बताया कि कंपोजिट स्कूल हरोड़ा में जो व्यक्ति आधार कार्ड संशोधन व नए बनाने के नाम पर 100 रूपये के बदले 200 रूपये में 50 रूपये के 200 रूपये ले रहा है ए.बी.एस.ए अधिकारी से बात की लेकिन अधिकारी इस मामले पर आरोपी पर साफ जबाब नही दे पा रहे है मोके पर पहुच कर देख एबीएस ए सर्वेश कुमार ने सेंटर पर कहा मेरे संज्ञान में नही है था मामला जबकि सेंटर चालक स्पस्ट नाम ले रहा है।

## मिशन शक्ति के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी हापुड़ नगर व महिला थाना प्रभारी ने छात्राओं को किया जागरूक

द अचीवर टाइम्स संवाददाता

**हापुड़ ।** शासन के निर्देशों के क्रम में महिलाओं एवं बच्चियों के साथ घटित होने वाले अपराधों के प्रभावी रोकथाम हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान ''मिशन शक्ति' के दृष्टिगत क्षेत्राधिकारी हापुड़ नगर स्तुति सिंह व महिला थाना प्रभारी प्रतिभा त्यागी द्वारा मोनाड विश्वविद्यालय पिलखुवा में कार्यशाला आयोजित कर महिलाओं व बालिकाओं में आत्मविश्वास की भावना पैदा करने के उद्देश्य से छात्रों व विश्वविद्यालय स्टाफ को जागरूक किया गया तथा सुरक्षा जागरूकता के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण जानकारियां, जैसे महिला हेल्प डेस्क, एंटी रोमियों स्क्वायड, यूपी-112, वूमेन पावर लाइन 1090 व साइबर अपराध एवं आत्मरक्षा सम्बन्धी आदि के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गयी।

## निरुद्ध बंदियों की सामान्य दशा की देख-रेख हेतु अधिकारियों द्वारा जिला कारागार,डासना गाजियाबाद का किया निरीक्षण

द अचीवर टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** जनपद न्यायाधीश व अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हापुड़ मलखान सिंह द्वारा जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा, छाया शर्मा अपर जिला जज व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हापुड़ व पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के साथ जिला कारागार, डासना गाजियाबाद में जनपद हापुड़ के निरुद्ध बंदियों की सामान्य दशा की देख-रेख हेतु त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विकास कुमार सिंह मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, हापुड़, सोनाली रतना अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, हापुड़, जेलर कुलदीप भदौरिया, जेल अधीक्षक, आलोक कुमार, डिप्टी जेलर, विजय गौतम आदि उपस्थित रहें। जेल अधीक्षक द्वारा बताया गया कि जिला कारागार, डासना गाजियाबाद में




बंदियों को रखने की क्षमता 1750 की है,जबकि आज निरीक्षण के बंदियों की संख्या क्षमता से लगभग तीन गुना अधिक है। निरीक्षण दौरान कारागार परिसर में स्वच्छता तथा भोजन व पानी के संबंध में समुचित व्यवस्था पायी गयी। जेलर द्वारा बताया गया कि बंदियों की उनके परिवार से मिलाई नियमित रुप से कराई जा रही है। जिला कारागार में स्थापित पी0सी0ओ0 के माध्यम से बंदियों की वार्ता उनके परिवारीजनों से कराई जाती है। इसके अतिरिक्त ऐसे बंदी जिनके परिजन भी जेल में निरुद्ध है, उनकी मिलाई की व्यवस्था रविवार के दिन जेल प्रशासन द्वारा की जाती है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा पाकशाला (रसोईघर) का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कुछ बंदी मय सपरिधान रसोईघर में सायंकाल का खाना तैयार करने की तैयारी कर रहे थे। जेलर द्वारा बताया गया कि बंदियों से पृथक-पृथक पाली में काम लिया जाता है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा बंदियों हेतु बनाये गये भोजन की गुणवत्ता की जांच की गयी, तो गुणवत्ता सामान्य पाई गयी। भोजन तैयार करने में पूर्णता सफाई बरती जा रही थी। तदोपरांत जेल चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया। जेलर द्वारा बताया गया कि टी0वी0 एवं एड्स जैसे बीमारियों से ग्रसित बंदियों के लिये बनी अलग अलग बैरकों रखा गया। निरीक्षण दौरान अधोहस्ताक्षरी द्वारा समस्त बंदियों से किसी भी प्रकार की समस्या होने के संबंध में पूछा गया तो उनके द्वारा किसी भी प्रकार की समस्या न होना बताया गया। इसी दौरान लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण किया गया। इसी दौरान कम्प्यूटर लैप का निरीक्षण किया गया। जेल अधीक्षक, जिला कारागार, गाजियाबाद द्वारा बताया गया कि इच्छुक बंदियों को कम्प्यूटर आदि की क्लास दी जाती है। जिला कारागार में निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था उचित पायी गयी।

## उठहु राम भंजहु भव चापा

द अचीवर टाइम्स- नीरज शुक्ला

**रामनगर बाराबंकी।** तहसील क्षेत्र के अंतर्गत बृहस्पतिवार की दोपहर के समय ग्राम किशुनपुर में आयोजित चार दिवसीय रामलीला के अंतिम दिवस सीता स्वयंबर एवं धनुष भंग कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मिथिला पति जनक ने सीता के विवाह की यह शर्त रखी थी कि जो इस शिव धनुष को तोड़ेगा उसके साथ सीता का विवाह किया जाएगा। मिथिला में देश विदेश के राजा महाराजा उपस्थित हुए लेकिन शिव धनुष को हिला तक न सके। यह देख कर विदेहराज हताश और निराश हुए तभी विश्वामित्र ने शुभ समय जानकर श्री राम से शिव धनुष तोड़ने को कहा। गुरु की आज्ञा पाकर भगवान श्री राम ने जैसे ही शिव धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाई तभी कड़ाके की ध्वनि से शिव धनुष टूट गया। यह दृश्य देखकर चारो तरफ भगवान श्री राम के जयकारे होने लगे और सीता ने श्री राम के गले मे वरमाला डाली। धनुष भंग व सीता स्वयंबर के प्रशंग को देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। धनुष टूटते ही भगवान परशुराम आ गए और शिव धनुष तोड़ने वाले को पूछने लगे। सारी सभा मे भगवान परशुराम के क्रोध को देखकर हलचल मच गई। श्री राम ने परशुराम से कहा हे प्रभु शिव धनुष तोड़ने वाला कोई आपका दास ही होगा। परशुराम ने श्री राम के स्वरूप को पहचान कर प्रणाम किया



और वहां से चले गए। फिर रात्रि में द्रौपदी चीरहरण के मंचन को देखकर दर्शकों ने नेत्र श्रजल हो गए। देर रात तक दर्शक कार्यक्रम को देखते रहे। इस अवसर पर ग्राम प्रधान चंद्रमोल मिश्रा, संतोष मिश्रा,रविंद्र मिश्रा, अनिल मिश्रा, पूर्व प्रधान प्रहलाद सिंह, विनय प्रताप सिंह,करुणा शंकर मिश्रा, रामू मौर्या, दयाशंकर मिश्रा, सक्षम मिश्रा, नीरज सिंह, उपेंद्र प्रताप सिंह, शिवम मिश्रा, इंद्रभान सिंह, उदय प्रताप सिंह, ऋतुराज सिंह, मुकेश विश्कर्मा, जतिन कुमार, विवेक सिंह,जितेंद्र सिंह, कौशल किशोर मिश्रा, साकेत मिश्रा, तुलसीराम मौर्या, शुशील सिंह, उमेश विश्वकर्मा, सहित हजारों की संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

## बैंक कृषकों की फसल का बीमा करने से इनकार नहीं कर सकता शिकायत मिलने पर होगी कार्रवाई- प्रेरणा शर्मा: डीएम हापुड़

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक संपन्न।

द अचीवर टाइम्स संवाददाता

**हापुड़।** जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने जनपद में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों बीमा कंपनियों के अधिकारी तथा बैंक अधिकारियों के साथ कलेक्ट सभागार में समीक्षा बैठक की। जिलाधिकारी ने कहा की उपनिदेशक कृषि जनपद की बीमा धारक किसानों की लिस्ट उपजिलाधिकारी को प्रेषित करने के निर्देश दिए जिससे जांच आदि रिपोर्ट आसानी से लगाई जा सके। उन्होंने कहा कि कोई भी बैंक कृषकों की फसल का बीमा करने से इनकार नहीं कर सकता यदि इस प्रकार की शिकायत प्राप्त होती है तो कड़ी




कार्रवाई की जाएगी। साथ ही बीमा कंपनी बीमा का क्लेम के सेटलमेंट की संपूर्ण प्रक्रिया तेजी से पूरी करे। जिलाधिकारी ने उपनिदेशक कृषि तथा बीमा कंपनियों से किसानों को बीमा करने के लिए प्रेरित करने तथा जागरूकता फैलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कृषकों को बीमा की उपयोगिता के बारे मे बता करके बीमा का दायरा को विस्तार दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बीमा कंपनी को कृषकों द्वारा प्रीमियम दिया जाता है अतः प्रचार प्रसार में बीमा कंपनियां सहयोग करें इस पर बीमा कंपनी अधिकारी ने कहा कि समय-समय पर पाठशाला तथा आदि प्रचार का आयोजन किया जाता है। जिलाधिकारी ने जनपद की निम्न उत्पादकता के क्षेत्र में किसानों को बीमा करने के लिए प्रेरित करने की निर्देश दिए जिससे किसान अधिक से अधिक लाभान्वित हो सके। उन्होने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की सफल क्रियान्वन करने के लिए कृषि अधिकारी, बीमा कंपनी अधिकारी तथा बैंक अधिकारी समन्वय बनाकर कार्य करें। उपनिदेशक कृषि ने बताया कि प्राकृतिक आपदाओं के कारण किसी भी निर्धारित फसल के नुकसान होने की स्थिति में किसानों को बीमा कवरेज एवं वित्तीय सहायता प्रदान किया जाता है अतः किसान लाभ प्राप्त करने के लिए अपनी फसलों का अधिक से अधिक बीमा करायें। उन्होंने बताया कि किसान अपनी फसलों को बीमा करने के लिए संबंधित बैंक शाखा, जन सेवा केंद्र, भारत सरकार के पोर्टल पर संपर्क कर सकते हैं तथा फसल नुकसान के संबंध में संबंधित बैंक शाखा, कृषि विभाग, उद्यान विभाग, क्रॉप इंश्योरेंस एप तथा टोल फ्री नंबर 1800889 6868 पर संपर्क कर सकते हैं। बैठक के दौरान अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व संदीप कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक ज्योत्सना बंधु, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, उपयुक्त उद्योग, लीड बैंक मैनेजर तथा अन्य संबंधित अधिकारी, उपस्थित रहे

## ई- रिक्शा को डम्फर ने सामने से मारी जोरदार टक्कर, रिक्शा अनियंत्रित होकर पलटा

## ई- रिक्शा चालक समेत धार्मिक स्थल दर्शन करने जा रहें एक ही परिवार की नौ लोग गम्भीर रूप से घायल

द अचीवर टाइम्स संवाददाता

**पुरवा- उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत अचलगंज मार्ग पर मध्यान्ह समय में ई-रिक्शा से धार्मिक स्थल दर्शन करने जा रहें एक ही परिवार के सभी सवारियों को सामने से आ रहें एक डम्फर ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे रिक्शा चालक समेत सभी गम्भीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी भेजा तथा आरोपी डम्फर को कब्जे में लिया। बृहस्पतिवार को मौरावां थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहनखेड़ा सगौली निवासी रामकली पत्नी संतू उम्र लगभग 55 वर्ष अपने परिवार के अन्य नौ सदस्यों के साथ ई-रिक्शा से पड़री गांव अंतर्गत निहालशाह बाबा के दर्शन हेतु अचलगंज मार्ग से रिक्शा चालक धीरेंद्र निवासी असरीखेड़ा के साथ जा रहें थे। जब वह गदोरवा गांव के पास पहुंचे ही थे कि तभी






सामने की ओर से आ रहें एक तेज रफ्तार डम्फर ने जोरदार टक्कर मारी जिससे रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया और सभी सवारियां गम्भीर रूप से घायल हो गई। घायलों में गुड़िया पत्नी दिनेश उम्र 35 वर्ष, पूनम पत्नी रामगुलाम 40 वर्ष, खुशी पुत्री रामगुलाम 14 वर्ष, खुशबू पुत्री रामगुलाम 10 वर्ष, दीपांशु पुत्र रामगुलाम 07 वर्ष, मानसी पुत्री दिनेश उम्र 03 वर्ष, दिव्यांशी पुत्री दिनेश 01 वर्ष, कांती पत्नी उमेश 25 वर्ष, प्रांशु पुत्र रामगुलाम 09 वर्ष तथा ई-रिक्शा चालक धीरेंद्र शामिल हैं। इस दौरान यातायात भी कुछ देर के लिए बाधित रहा। राहगीरों के एकत्रित होने पर डम्फर चालक फरार हो गया और सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने घायलों को तत्काल सीएचसी पुरवा भेजा जहां से सभी घायलों को जिला अस्पताल के लिए चिकित्सकों ने रिफर कर दिया। परिजनों को सूचना मिलते ही हाहाकार मच गया। घटना के बाबत सीओ दीपक कुमार सिंह ने बताया कि घटना के बाद घायलों को इलाज हेतु भेजा गया और डम्फर को कब्जे में लिया गया है। कोतवाली प्रभारी सुरेश सिंह ने कहा कि तहरीर के अनुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# समाजवादी पार्टी ने पदाधिकारियों को विधानसभा के सभी बूथों पर कार्य करने की जिम्मेदारी सौपी

**द अचीवर टाइम्स अनुराग मेहरोत्रा**



**बाराबंकी।** आगामी लोकसभा चुनाव पार्टी के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है इसीलिए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जनपद की सभी विधानसभाओं के प्रत्येक बूथ को चुनाव से पहले सक्रिय और मजबूत करने की जिम्मेदारी आप सभी प्रदेश पदाधिकारियों को सौपी है। उक्त विचार समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने आज जिला पार्टी कार्यालय पर जनपद मे निवास करने वाले पार्टी के सभी प्रदेश पदाधिकारियों को विभिन्न विधानसभाओं का प्रभारी नियुक्त कर सभी पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए व्यक्त किये। इसी क्रम में जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने विधानसभा 266 कुर्सी की जिम्मेदारी प्रदेश सचिव कुसुम लता रावत हफीज भारती एवं प्रदेश कार्यकारिणी में विशेष आमंत्रित सदस्य राजेंद्र प्रसाद वर्मा पप्पू को, विधानसभा 267 रामनगर की जिम्मेदारी प्रदेश सचिव लल्लन वर्मा और मोहम्मद असलम को, विधानसभा सदर 268 की जिम्मेदारी प्रदेश सचिव हुमायूं नईम खान को, विधानसभा 269 जैदपुर की जिम्मेदारी प्रदेश सचिव सरताज चौधरी डॉ विकास यादव एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मोहम्मद इजराइल को, विधानसभा 270 दरियाबाद की जिम्मेदारी प्रदेश कार्यकारिणी में विशेष आमंत्रित सदस्य सूरज यादव गामा, सुरेश चंद्र गौतम एवं फरजान उस्मानी को, विधानसभा 272 हैदरगढ़ की जिम्मेदारी प्रदेश सचिव चौधरी अदनान को देने के साथ-साथ पूर्व विधान परिषद सदस्य एवं प्रदेश कार्यकारिणी में विशेष आमंत्रित सदस्य राजेश यादव राजू को जहां कम वहां हम की भूमिका में रहते हुए जनपद की सभी विधानसभाओं के सभी बूथों पर कार्य करने की जिम्मेदारी सौपी है। जिला अध्यक्ष ने सभी विधानसभा प्रभारियों कुछ जिम्मेदारी देने के उपरांत जानकारी देते हुए कहा कि आप सभी लोगों को राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल जी के दिशा निर्देश पर आवंटित विधानसभा में 100-100 कमजोर बूथों का चयन विधानसभा अध्यक्ष/ विधायक/ प्रभारी के साथ करते हुए उन बूथों का सत्यापन करते हुए उन्हें सक्रिय बनाने साथ साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी के क्ष्क्ष कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए हर बूथ सभी समुदाय के सदस्यों से संपर्क करके पार्टी को मजबूती प्रदान करते हुए जन पंचायत आयोजित करनी है साथ ही समाजवादी पार्टी की नीतियों तथा पार्टी सरकार के कार्यकाल मे राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी मुख्यमंत्री काल में जनहित में किए गए कार्यों को जनता तक पहुंचाते हुए, आगामी 23 दिसंबर स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह के जन्मदिन के अवसर पर प्रत्येक बूथ पर किसानों से संबंधित कार्यक्रम आयोजित करने की जिम्मेदारी भी आप ही के कंधों पर डाली है। इस मौके पर राष्ट्रीय सचिव शैलेंद्र सिंह आनंद, जिला महामंत्री हिमांशु यादव, जिला कोषाध्यक्ष प्रीतम सिंह वर्मा, जिला प्रवक्ता वीरेंद्र प्रधान, जिला उपाध्यक्ष कामता प्रसाद यादव, मोहम्मद सबाह, राजेश वर्मा, यसवंत सिंह यादव, प्रदुमन यादव, डॉक्टर आई के वर्मा, जिला सचिव रोहित यादव आदि प्रमुख पदाधिकारी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# कोहरे एवं सडक सुरक्षा के दृष्टिगत परिवहन विभाग ने लगाए 48 ट्रेक्टर ट्रॉलियों पर रेट्रोरिफलेक्टिव टेप




द अचीवर टाइम्स संवाददाता

जनपद हापुड़ में द्वितीय सडक सुरक्षा पखवाडा के तहत रमेश कुमार चौबे सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, (प्रवर्तन) हापुड़, आशुतोष उपाध्याय, यात्री कर अधिकारी हापुड द्वारा वाहन चालकों से सडक सुरक्षा के दृष्टिगत रात्रि के समय हेड लाईट के हाई बीम व लो बीम के प्रयोग किये जाने व वाहनों को लेन ड्राईविंग में संचालित करने रेट्रोरिफलेक्टिव टेप लगाये जाने के संदर्भ में जागरूक किया गया तथा यह भी निर्देश दिये गये कि भविष्य में प्रवर्तन कार्यवाही के दौरान नियमानुसार वाहन संचालित न किये जाने पर प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही भी की जायेगी । कोहरे एवं सडक सुरक्षा के दृष्टिगत निर्धारित कार्यकम के अन्तर्गत 48 ट्रेक्टर ट्रॉलियों पर रेट्रोरिफलेक्टिव टेप लगाये जाने की कार्यवाही की गयी। तहसील धौलाना क्षेत्र में प्रवर्तन कार्यवाही के दौरान 7 टैम्पो व ऑटो के चालान / बन्द की कार्यवाही की गयी। कार्यकम के अन्तर्गत ओवरलोडिंग व गलत नं0 प्लेट, बिना एचएसआरपी लगे वाहन, वाहन, सडक के किनारे खडे अवैध वाहनों एवं रेट्रोरिफलेक्टिव टेप की चेकिंग की गयी तथा मानक अनुरूप संचालित न पाये जाने एवं अन्य अभियोगों में 43 वाहनों का चालान किया गया। कार्यकम के अन्तर्गत सड़क सुरक्षा नियमों सम्बन्धी शपथ दिलायी गयी तथा शासन से प्रेषित यातायात नियमों के फोल्डर, लिफ्लेट, तथा पम्पलेट भी वितरित कराये गये ।

## एक नज़र

### केंद्रीय कमेटी ब्रिगेड ऑफ एक्स कैडेट्स की मासिक बैठक का आयोजित

**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**



**हापुड़।** केंद्रीय कमेटी ब्रिगेड ऑफ एक्स कैडेट्स की मासिक बैठक का आयोजन स्वर्ग आश्रम रोड पर स्थित रितेश कुमार के प्रतिष्ठान सनराइज प्रिंटर्स पर किया गया। जिसमें 28 जनवरी 2024 को हापुड़ के विभिन्न स्कूलों में देश की सेना के तीनों अंगों,परमवीर चक्र विजेताओं और एनसीसी से संबंधित एक परीक्षा का आयोजन करने पर सहमति हुई। इस परीक्षा का आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में सेना के प्रति जागरूकता को लाना है जिससे की आने वाले समय में बच्चे भी देश सेवा में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। इस बैठक में ब्रिगेड ऑफ एक्स कैडेट्स के अध्यक्ष हिमांशु कुमार व रितेश कुमार ,गजेंद्र सिंह ,संदीप शर्मा ,भूषण सैनी ,अनुज त्यागी आदि सदस्यों उपस्थित रहे।

### कश्यप समाज संगठन समारोह के कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष नगेंद्र कश्यप पहुंचे हापुड़

**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** आपको बता दे 24 दिसंबर 2023 को गाजियाबाद के खजान सिंह की धर्मशाला में होने वाले कश्यप समाज संगठन समारोह के कार्यक्रम का निमंत्रण देने के लिए आए राष्ट्रीय अध्यक्ष नगेंद्र कश्यप ने हापुड़ में महर्षि कश्यप निषाद युवा जागृति संस्थान एवं महर्षि कश्यप सेवा संस्थान के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से संपर्क कर उन्हें निमंत्रण दिया तथा पिलखुवा में सिद्धिविनायक हॉस्पिटल के एमडी डॉ अनिल कश्यप, कुलदीप कश्यप एडवोकेट अमित कश्यप, पवन कश्यप आदि को निमंत्रण दिया वहीं इस कार्यक्रम में हापुड़ से यशपाल कश्यप ,डॉक्टर हरीश कश्यप, एडवोकेट विनीत कश्यप, दीपक पत्रकार, राजेश्वर कश्यप, केपी कश्यप, लोको पायलट, अनिल कश्यप डीजे वाले,जय भगवान कश्यप, महावीर सिंह आर्य आदि मौजूद रहे।

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई जिला सहकारी विकास समिति की बैठक

**द अचीवर टाइम्स निशान्त शुक्ला**




**हरदोई।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में जिला सहकारी विकास समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला स्तर पर सहकारी समितियों का गठन किया जाए। समितियों को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए कार्ययोजना बनाकर कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि अक्रिय सहकारी समितियों को सक्रिय करने के लिए माहवार लक्ष्य निर्धारित किया जाए। लक्ष्य हासिल करने के मजबूत इच्छा शक्ति से कार्य किया जाए। अंतर्विभागीय समन्वय से कार्य किया जाए। सभी दुग्ध समितियों को सक्रिय करने के लिए गंभीरता से प्रयास किये जायें। निष्क्रिय दुग्ध समितियों से लगातार संवाद किया जाए। समितियों की बड़ी संख्या व जिला दुग्ध अधिकारी की लगातार अनुपस्थिति को लेकर जिलाधिकारी ने उपस्थित दुग्ध निरीक्षक से कड़ी नाराजगी जतायी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विकास खण्ड में कम से कम एक समिति को मॉडल सहकारी समिति बनाया जाए। सहकारी समितियों के माध्यम से जन औषधि केन्द्र खोले जाएं। इस अवसर अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, एआर को-ऑपरेटिव अखिलेश सिंह सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### ठेकेदार की मनमानी से बीच चौराहे का गड्ढा अभी भी खुला नजर आ रहा

**द अचीवर टाइम्स अभिषेक राजपूत**



**अतरौली।** थाना क्षेत्र के,ग्राम पंचायत ( पवाया )के चौराहे पर मोड़ के पास आरसीसी रोड पर बीचों बीच ठेकेदार द्वारा गढ्ढा छोड़ कर आगे काम करने लगा आसपास के लोगों ने बताया ठेकेदार ने कहा अभी नही बनवाएंगे , आने जानें वाले लोगों को हो रही काफी दिक्कत कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा (एच जी एन न्यूज)टीम ने ठेकेदार से बात किया तो ठेकेदार ने आगे काम हो जानें ऑल पर ही पीछे छूटे काम को किया जाएगा क्योंकि पुलिया के ढक्कन पर पानी डालने कौन जायेगा वहां के लोगों ने बताया ठेकेदार दबंगई से बात करते है।

### बाइक चालक हेलमेट पहने होता तो बच सकती थी जान, पेड़ से टकराकर बाइक सवार की हुई मौत परिजनों में कोहराम

**द अचीवर टाइम्स रमेश चंद्र, लखीमपुर खीरी।** मैगलगंज थाना क्षेत्र में घर से औरंगाबाद जा रहे खुर्रमनगर निवासी बाइक सवार युवक की पेड़ से टकरा जाने के बाद मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक मैगलगंज के खुर्रमनगर निवासी रियाज पुत्र शहाबुद्दीन 32 वर्ष सुबह करीब 9ः00 बजे बाइक से औरंगाबाद जाने को निकाला था। औरंगाबाद रोड पर फत्तेपुर के पास उसकी बाइक पेड़ से टकरा गई। हादसे में रियाज की मौके पर ही मौत हो गई। पता चला तो परिजन पहुंचे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। प्रत्यक्ष प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार बाइक की रफ्तार तेज थी। मृतक ने हेलमेट नहीं पहने था। युवक की मौत से परिवार में मातम का माहौल है।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूंका राहुल गांधी का पुतला, बजाये डंडे



**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़ ।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष नरेश तोमर व जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर सहित सैकड़ो कार्यकर्ताओं ने संसद परिसर में तृणमूल कांग्रेस के लोकसभा सदस्य कल्याण बनर्जी द्वारा भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ की मिमिक्री के मामले में राहुल गांधी का एचपीडीए चौराहे पर पुतला लेकर पहुँचे और राहुल गांधी के पुतले को आग के हवाले करते हुए जमकर नारेबाजी की जब भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं का पुतले में आग लगाने के बाद भी मन नहीं भरा तो पुतले को नीचे गिरा कर डंडों की बरसात की गई। पुतला दहन के बाद मीडिया से बात करते हुए जिला अध्यक्ष नरेश तोमर ने बताया कि विपक्षी गठबंधन का देश मे कही भी जनाधार नहीं है अब यह लोग महामहिम उपराष्ट्रपति जैसे सम्मानित पद पर आसीन जगदीप धनकड़ का भी मजाक उतारने से पीछे नहीं है। जैसा की संसद परिसर में तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी द्वारा जब उपराष्ट्रपति धनकड की मिमिक्री की जा रही थी तब राहुल गांधी जो विपक्ष के बड़े नेता भी हैं साथ ही कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रह चुके हैं कल्याण बनर्जी द्वारा किए जा रहे उपहास को रोकने की बजाय वीडियो बनाने व हंसने में व्यस्त थे। जिससे उनकी मानसिकता स्पष्ट हो जाती है कि उनकी नजर में किसी भी पद का कोई सम्मान नहीं है। इन सभी लोगों के इस कृत से साफ पता लग जाता है की इन सभी लोगों को संसद से निलंबित क्यों किया गया है जिस तरह का व्यवहार यह महामहिम उपराष्टपति के लिए कर रहे हैं यह काफी निंदनीय है और भारतीय जनता पार्टी इसको कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। पुतला फूटने के दौरान राजीव सिरोही, विनीत दीवान दीपक भाटी, राजेश आधाना, सुभाष प्रधान, राहुल उपाध्याय, अलका निम, मनोरमा रघुवंशी, राजीव सिरोही, सतीश सिंघल,संजीव शर्मा, कैलाश वर्मा, जय भगवान शर्मा, मनोज बाल्मीकि, सुयश वशिष्ठ, अनिरुद्ध कस्तला, शैलेंद्र राणावत, मुदित गोयल समेत अनेक कार्यकर्ता रहे।

# चर्चित प्रकरण में अपनी ही कार्यवाई में फंस गई बिलग्राम पुलिस फ़ज़ीहत का दौर जारी

**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**

**मंगलवार रात करीब 8:30 बजे दो पक्षों के बीच हुई शांति भंग की पुलिसिया कार्यवाई व थाने के सिपाही का डाक्टरी परीक्षण भी केल होने के उपरांत बिलग्राम पुलिस पर कई सवालो को खड़ा कर रही है।**

**हरदोई।** बिलग्राम हरदोई आपको बता दें कि बहुचर्चित कोतवाली परिसर में हुए झगड़े मामले को लेकर कोतवाली बिलग्राम पुलिस की फजीहत सामने आ चुकी है।थाने के जिम्मेदार अपने को बचाने के लिए वह सब कुछ करते हुए दिखाई दिए जो आमतौर पर एक जिम्मेदार को यह सब कुछ नहीं करना चाहिए। पद व गरिमा का खुला उल्लंघन बिलग्राम कोतवाली में देखा गया। क्योंकि मंगलवार को रात दो युवक थाने पहुंचे जहाँ पर किसी बात को लेकर वाद विवाद हो गया मामला बढ़ते देख थाने के एक सिपाही ने दोनों पक्षों को समझाने का भरपूर प्रयास किया। लेकिन वह झगडा बढ़?ता गया। मौके की स्थित को देखने के बावजूद पुलिस ने दोनों पक्षों के साथ अपने सिपाही को भी दोषी मानते हुए डॉक्टरी परीक्षण के लिए भेजा। दोनो युवकों के मेडिकल रिपोट में एल्कोहल की पुष्टि हुई।जबकि सिपाही की जाँच रिपोर्ट में एल्कोहल के पुष्टि नहीं हुई। इसके बाद यहीं से नया खेल शुरू हुआ सूत्रों की माने तो पूरे प्रकरण की सूचना उच्चाधिकारियों को जो दी गयी थी। उसमें यह बता दिया गया या कि सिपाही भी के नशे में था लेकिन जब उसके मेडिकल रिपोर्ट में एकोहल की पुष्टि नहीं हुई।तब मामले की सूचना गलत देने की एवज में जबरन सिपाही को एल्कोहल पॉजिटिव रिपोर्ट बनवाने के सब प्रयास किए लेकिन सीएचसी बिलग्राम द्वारा दोबारा रिपोर्ट बनवाने में असमर्थ होते व स्वयं की दी गई गलत सूचना के बाद खुद को फंसता व फ़ज़ीहत होती देख उसी सिपाही का ब्लड सैंपल दोबारा बिलग्राम पुलिस द्वारा डॉक्टरों पर दवाब बनाकर थाने के कर्मचारी द्वारा जिला अस्पताल दोबारा भेजा गया । अब सवाल यही खड़ा होता है कि आखिर किस मजबूरीवश बिलग्राम पुलिस को अपने सिपाही की सीएचसी बिलग्राम की मेडिकल जाँच रिपोर्ट पर भरोसा स्वयं बिलग्राम कोतवाली को नहीं है।या फिर कोई बड़े खेल खेलने की तैयारी है।जबकि दोनों युवकों का उसी सरकारी अस्पताल की मेडिकल रिपोर्ट मान्य है।

# नोडल चिन्हीकरण शिविर में उपस्थित रहकर कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करें-एमपी सिंह

**❖ दिव्याग एवं वृद्व लाभार्थियों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु मूल्याकंन शिविर आयोजित किये जायेगें:- जिलाधिकारी**

**द अचीवर टाइम्स निशान्त शुक्ला**

**हरदोई।**जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने अवगत कराया है कि शासन के निर्देशानुसार दिव्याग एवं वृद्व लाभार्थियों को कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण उपलब्ध कराने हेतु 24 दिसम्बर 2023 को पूर्वान्ह 11 से अपरान्ह 03 बजे तक राजकीय इण्टर कालेज हरदोई के मैदान में एडिप योजना के तहत एलिम्को कंपनी कानपुर द्वारा मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया जायेगा और इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु नगर मजिस्टेªट को नोडल अधिकारी बनाया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि इसी तरह 26 दिसम्बर को तहसील परिसर सण्डीला, 27 को बिलग्राम, 28 को सवायजपुर, 29 को शाहाबाद तथा 30 दिसम्बर 2023 को सदर तहसील परिसर में पूर्वान्ह 11 से अपरान्ह 03 बजे तक दिव्यांग चिन्हांकन एवं मूल्याकंन शिविर का आयोजन किया जायेगा और तहसील स्तर पर होने वाले शिविर के नोडल अधिकारी संबंधित उप जिलाधिकारी को बनाया गया है। उन्होने समस्त कार्यक्रम के नोडल अधिकारी नगर मजिस्टेªट से कहा है कि समय पर सभी उप जिलाधिकारियों के साथ बैठक कर शिविर हेतु दिव्यांगजनों एवं स्टाफ के बैठने की व्यवस्था सुनिश्चित करायें। डीएम ने क्षेत्राधिकारियों से कहा है कि शिविर वाले स्थानों पर भीड़ को नियंत्रित करने एवं पार्किग के व्यवस्था सही से करायें तथा स्वीप नोडल को निर्देश दिये कि दिव्यांग हितार्थ निर्वाचन संबंधी जागरूकता व प्रचार प्रसार तथा पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता में प्रतिभाग सुनिश्चित करायें। उन्होने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से कहा है कि जीआईसी एवं ब्लाक स्तर पर होने वाले दिव्यांग चिन्हीकरण शिविर में दिव्यांगता प्रमाण एवं यूडीआईडी कार्ड पंजीकरण आदि निर्गत करने हेतु कम्प्यूटर के साथ आपरेटर तथा चिकित्कों को नामित करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देश दिये है कि दिव्यांग चिन्हीकरण एवं मूल्याकंन शिविर में ससमय उपस्थित होकर कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करें।

# दिव्यांग मेले के आयोजन के संबंध में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई बैठक

**द अचीवर टाइम्स निशान्त शुक्ला**



**हरदोई।** आयोजित होने वाले दिव्यांग मेले के आयोजन के संबंध में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि दिव्यांग कैम्प में उपकरणों की जरुरत वाले दिव्यांगों की सूची बनायी जाए। पहले उन दिव्यांगों को उपकरण वितरित किये जायें जिनको कभी उपकरण प्राप्त नही हुए हैं। दिव्यांग उपकरण वितरण में शासनादेशों का पालन किया जाए। अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने के लिए ग्राम प्रधानों को निर्देशित किया जाए। डिग्री कॉलेजों, माध्यमिक व परिषदीय विद्यालयों व प्राविधिक विद्यालयों को सूचित किया जाए। सभी खण्ड विकसित अधिकारियों व अधिशासी अधिकारियों को सूचित किया जाए। लाउडस्पीकर पर दिव्यांग मेले के संबंध में समस्त नगर क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार किया जाए। सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्री क्षेत्र के लोगों को जानकारी पहुंचाएं। आयोजन स्थल जीआईसी हरदोई में प्रत्येक विकास खण्ड के लिए अलग टेबल लगायी जाए। प्रत्येक टेबल पर कम से कम दो कार्मिक तैनात किए जाएं। दिव्यांगों के बैठने का उचित प्रबंध किया जाए। आयोजन स्थल पर वाहनों की पार्किंग की उचित व्यवस्था की जाए। सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए जाएं। टेन्ट आदि की उचित व्यवस्था की जाए। बैनर आदि लगाए जाएं। आयोजन स्थल पर सुविधाजनक माहौल सुनिश्चित किया जाए। दिव्यांगों के मार्गदर्शन के लिए 10 लोगों की एक टीम लगायी जाए। प्रत्येक घण्टे दिव्यांगों के पंजीकरण की सूचना प्रेषित की जाए। इस अवसर आयोजन से जुड़े समस्त लोग उपस्थित रहे।

# ‘मोदी की गारंटी गाड़ी’’ द्वारा वंचित/छूटे लोगों को लाभपरक योजनाओं से किया जा रहा है संतृप्त : उप मुख्यमंत्री

**✦ भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के लिए जनपदवासी कृत संकल्पित हैः केशव प्रसाद मौर्य।**

**✦ उप मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को दिया प्रमाण पत्र व प्रतीकात्मक चाभी।**

**द अचीवर टाइम्स अनुराग मेहरोत्रा**



**बाराबंकी ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या आज जनपद की विकासखंड सिद्धौर की ग्राम पंचायत बम्भौरा लोधी में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। उप मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में लगाए गए विभिन्न विभागों-स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला व बाल विकास, महिला कल्याण, श्रम विभाग, राजस्व विभाग, कृषि विभाग, समाज कल्याण, स्वयं सहायता समूह आदि के स्टॉलों का अवलोकन करते हुए जानकारी ली। इस दौरान बेसिक स्कूल की छात्राओं द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया गया। सभी ने बच्चों की प्रतिभा की तारीफ की। आयोजित कार्यक्रम में सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं से वंचित लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं में पंजीयन कराकर लाभान्वित किया गया। उप मुख्यमंत्री ने ‘‘विकसित भारत संकल्प यात्रा’’ कार्यक्रम के सम्बोधन में जनपदवासियों को बताया कि भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने के क्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा योजनाओं की संतृप्तिकरण के लिए विश्व की सबसे बड़ी आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने के लिए ‘‘विकसित भारत संकल्प यात्रा’’ शुरू किया गया है। जिसका उद्देश्य सरकारी योजनाओं व सेवाओं तक उन लोगों तक पहुॅचाना है जो अब तक वंचित या छूट गये थे। कार्यक्रम में ‘‘विकसित भारत संकल्प यात्रा’’ को साकार बनाते हुए उप मुख्यमंत्री जी ने पीएम उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत गोल्डेन कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), पीएम किसान सम्मान निधि, पीएम स्वनीधि योजना सहित अनेक योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र/प्रतिकात्मक चाभी आदि का वितरण किया। सभी ने एलईडी गाड़ी पर पुष्प वर्षा करते हुए प्रधानमंत्री जी के रिकार्डडेड संदेशों व विचारों को आत्मसात करते हुए देश की प्रगति में योगदान देने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कार्यक्रम में छोटे-छोटेको नवनिहालों का अन्नप्राशन तथा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की।

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि 26 जनवरी 2024 तक जनपद के समस्त ग्राम पंचायतों व नगरीय निकायों में ‘‘विकसित भारत संकल्प यात्रा’’ का कार्यक्रम शानदार तरीके से पूर्ण करते हुए अधिकाधिक जनपदवासियों को लाभान्तिव किया जायेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार अन्त्योदय को साकार करते हुए गॉव-गॉव, घर-घर वंचित छूटे लोगों का कार्यक्रम के माध्यम से पंजीयन कराकर उन्हें लाभ से संतृप्त कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए प्रधानमंत्री जी का ‘हमारा संकल्प विकसित भारत’ कार्यक्रम में जनपद वासियों को अधिकाधिक सहभागिता करते हुए जनआन्दोलन बनाना है। जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लोगों के जीवन में आये बदलाव को उन्होंने रेखांकित भी किया। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान आलू के खेत में ड्रोन कैमरे के माध्यम से दवा का छिड़काव भी किया। उप मुख्यमंत्री ने सिद्धेश्वर महादेव जी के दर्शन करने के पश्चात एफडीआर तकनीकि से निर्मित सड़क(टी-04 भानमऊ से सलेमपुरघाट) का निरीक्षण किया।

कार्यक्रम के दौरान सतीश चन्द्र शर्मा राज्यमंत्री खाद्य एवं रसद विभाग, राजरानी रावत जिला पंचायत अध्यक्षा, साकेन्द्र प्रताप वर्मा विधायक कुर्सी, दिनेश रावत विधायक हैदरगढ़, अंगद सिंह विधान परिषद सदस्य, अरविन्द मौर्य भाजपा जिलाध्यक्ष, सत्येन्द्र कुमार जिलाधिकारी, दिनेश कुमार सिंह पुलिस अधीक्षक एकता सिंह मुख्य विकास अधिकारी सहित अन्य गणमान्य तथा जनपदवासी उपस्थित रहे।

# भाजपा विधायकों ने वापस ली उप मुख्यमंत्री की नियुक्ति को खारिज करने संबंधी याचिका

संवाददाता




**शिमला।** हाईकोर्ट में सीपीएस की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई 2 जनवरी को होगी। न्यायाधीश विवेक सिंह ठाकुर और न्यायाधीश संदीप शर्मा की खंडपीठ के समक्ष इस मामले पर सुनवाई हुई। भाजपा विधायक सतपाल सत्ती समेत अन्य विधायकों ने उप मुख्यमंत्री की नियुक्ति को खारिज करने संबंधी याचिका को हाईकोर्ट से वापस ले लिया है, जबकि अन्य मुख्य संसदीय सचिवों (सीपीएस) की नियुक्तियों को खारिज करने की मांग को जारी रखा है। हाईकोर्ट में सीपीएस की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई 2 जनवरी को होगी। न्यायाधीश विवेक सिंह ठाकुर और न्यायाधीश संदीप शर्मा की खंडपीठ के समक्ष इस मामले पर सुनवाई हुई। याचिकाकर्ताओं की ओर से बहस पूरी होने के बाद इस मामले में राज्य सरकार की ओर से बहस हुई। अब मामले की आगामी सुनवाई 2 जनवरी को निर्धारित की गई है। भाजपा विधायक सतपाल सत्ती समेत 12 भाजपा नेताओं ने उप मुख्यमंत्री समेत सीपीएस की नियुक्ति को चुनौती दी थी। याचिका में अर्की विधानसभा क्षेत्र से सीपीएस संजय अवस्थी, कुल्लू से सुंदर सिंह, दून से राम कुमार, रोहडू से मोहन लाल ब्राक्टा, पालमपुर से आशीष बुटेल और बैजनाथ से किशोरी लाल की नियुक्ति को चुनौती दी गई है। याचिका में उप मुख्यमंत्री को कैबिनेट मीटिंग में हिस्सा लेने से रोकने के आदेशों की मांग के साथ इसकी एवज में मिलने वाले अतिरिक्त वेतन को वसूलने की मांग भी की गई थी।

**एसबीआई के आवेदन पर 30 दिनों में कार्रवाई करें जिला मजिस्ट्रेट : हाईकोर्ट**

वहीं, प्रदेश हाईकोर्ट ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की ओर से दायर 6 याचिकाओं को मंजूर करते हुए संबंधित जिला मजिस्ट्रेट को आदेश जारी किए हैं कि वह सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णय के दृष्टिगत 30 दिनों के भीतर बैंक के आवेदन पर कार्रवाई बाबत निर्णय लें। हालांकि वह 60 दिनों तक निर्णय लेने की सीमा को बढ़ा सकते हैं लेकिन इसके लिए उसको इस बाबत स्पष्टीकरण देना होगा। हाईकोर्ट ने ऋण वसूली अधिनियम के प्रावधानों का दुरुपयोग करने पर जिलाधीशों की कार्यशाली पर टिप्पणी करते हुए कहा कि सरफेसी एक्ट की धारा 14 के मुताबिक उनकी शक्तियां मामले पर मुकद्दमा चलाने की नहीं हैं बल्कि कार्रवाई करने की हैं। न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान व न्यायाधीश सत्येन वैद्य की खंडपीठ ने पाया कि अनेकों मामलों में जिला मजिस्ट्रेट सरफेसी एक्ट की धारा 14 के तहत आवेदनों का निपटान बैंकों को सहायता प्रदान किए बिना कर रहे हैं। डिफॉल्टर अपनी सुरक्षित परिसंपत्तियों पर कब्जा वापस पाने में लगे हुए हैं और इससे भी बुरी बात यह है कि जिला मजिस्ट्रेट प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उधारकर्ताओं या तीसरे पक्षों को कानून का घोर उल्लंघन करते हुए राहत दे रहे हैं। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा इस तरह के पारित आदेशों को कोर्ट ने शून्य करार देते हुए मुख्य सचिव को आदेश जारी किया कि वह प्रदेश के सभी जिला मजिस्ट्रेटों को उपरोक्त निर्णय के बारे में अवगत करवाएं ताकि वह सरफेसी एक्ट के प्रावधान 14 के तहत उपयुक्त निर्णय लें। बैंक की ओर से हाईकोर्ट के समक्ष यह दलील दी गई थी कि उनके आवेदन पर जिला मजिस्ट्रेट को केवल यह तय करने का अधिकार है कि लेनदार की रेहन रखी जमीन उनके क्षेत्राधिकार में पड़ती है या नहीं और बैंक की ओर से इस जमीन को अपने कब्जे में लेने बाबत क्या बैंक की ओर से सरफेसी एक्ट के प्रावधानों के अनुरूप नोटिस जारी किया है या नहीं? इस प्रावधान के अंतर्गत जिला मजिस्ट्रेट को इस तरह के मामले पर मुकद्दमा चलाने का कोई अधिकार नहीं है।

# सड़क हादसे में दो सगे भाईयों की दर्दनाक मौत

द अचीवर टाइम्स दीपक सिंह







**खुटार।** क्षेत्र के गांव हरीपुर में रहने बाले हरमेल सिंह के दोनों पुत्र जीत पाल सिंह(7) व हरमीत सिंह (9)गांव रूरा में सन्त सुखदेव सिंह बिद्यालय में पढ़ते थे।रोज की तरह गुरुवार की सुबह पिता हरमेल सिंह दोनो मासूम बच्चों को अपनी इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी से स्कूल छोड़ने जा रहे थे।तभी रास्ते मे गांव उदरा मोड़ के पास हरमेल सिंह स्कूटी खड़ी करके पेशाब करने चले गये और अपने दोनों बच्चों को स्कूटी के पास खड़ा कर गये इतने में सामने से आ रही एक बस ने दोनों बच्चों को टक्कर मार दी।जिससे दोनों गम्भीर रुप से घायल हो गये।बस चालक बच्चों को टक्कर मारकर मौके से फरार हो गया।हादसे की खबर मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गया और आनन फानन में दोनों घायल बच्चों को खुटार के एक निजी चिकित्सक के यहां लेकर आए जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।उनकी मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया परिजन दोनों बच्चों के शवो को लेकर वापस अपने घर चले गए खबर मिलते ही थाना अध्यक्ष संजय कुमार फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने उच्चाधिकारियों को सूचना दी।खबर मिलते ही पुलिस उपाधीक्षक पुवायां पंकज पन्त ने मौके पर पहुंच कर घटना स्थल का मुआयना किया और परिजन को सांत्वना दी व अपने अधीनस्थों को बस चालक के विरुद्ध कार्यबाही करने के लिए निर्देशित किया।पुलिस ने शवो का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।पुलिस ने मृतक छात्रों के पिता की तहरीर पर अज्ञात बस चालक के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर उसकी तलाश शुरू कर दी। दोनों मासूम बच्चों की मौत से परिवार वालों का रो-रो कर बुरा हाल हैं।

आज सुबह एक बस से एक्सीडेंट हो गया था उसमें मौके पर दो छात्र की मौत हो गई सूचना पर पहुंची खुटार पुलिस ने बस के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया है और दोनों सपनों को लेकर पंचनामा भरकर जिला के लिए भेज दिया है

## एक नज़र

### ईसानगर पुलिस ने 850 ग्राम गांजे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया




**द अचीवर टाइम्स रमेश चन्द्र**
**लखीमपुर खीरी।** थाना ईसानगर पुलिस ने 850 ग्राम अवैध गांजा बरामद करके एक नफर अभियुक्त को किया। एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर भेजा जेल।थानाध्यक्ष ईसानगर ने जानकारी देते हुए बताया जनपद में अपराध की रोकथाम व अवैध मादक पदार्थ के निर्माण, परिवहन/बिक्री पर अंकुश लगाने हेतु अभियान चलाया गया गश्त के दौरान अभियुक्त मुखतार उपरोक्त के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया है।

### डीएम ने ईवीएम वेयरहाउस, का त्रैमासिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा

राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी रहे मौजूद



**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**
**शाहजहाँपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम वेयरहाउस, का त्रैमासिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयर हाउस की सुरक्षा संबधी लगे उपकरणों, विद्युतीकरण, सीसीटीवी कैमरा आदि सुरक्षा मानकों का गहनतापूर्ण निरीक्षण किया। उन्होंने वेयरहाउस के सभी तलों पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के रख रखाव, सीसीटीवी कैमरे सहित सुरक्षा के दृष्टिकोण से सभी बिंदुओं के निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये साफ-सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया साथ ही जिलाधिकारी ने विद्युत के खुले तारों को व्यवस्थित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने ईवीएम वेयरहाउस के नवीन तल की खराब गुणवत्ता को देखकर निर्माण करने वाली कार्यदायी संस्था को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने अपर जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी प्रशासन संजय कुमार पाण्डेय को समस्त कार्य ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिये।

### एसटीएफ ने करोड़ों की चरस के साथ पकड़े नेपाल के तीन तस्कर



**द अचीवर टाइम्स दीपक सिंह**
**शाहजहांपुर।** एसटीएफ ने नेपाल के तस्करों को गिरफ्तार करते हुए उनके पास से करोड़ों रुपये की चरस बरामद की है। एसटीएफ को सूचना मिली कि नेपाल से तीन तस्कर चरस की तस्करी करके शाहजहांपुर से गुजरने वाले हैं। सूचना पर लखनऊ की एसटीएफ ने रोजा पुलिस के साथ मिलकर सुभाष चौराहे के पास घेराबंदी करके चरस के तीनों तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। जब एसटीएफ ने तस्करों की तलाशी ली तो उनके पास से चरस बरामद हुई। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मनोज अवस्थी ने बताया कि एसटीएफ और पुलिस के द्वारा पकड़े गए तीनों तस्कर नेपाल के रहने वाले हैं। खास बात यह है कि चरस की तस्करी में शामिल एक महिला तस्कर को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एसपी ग्रामीण ने बताया कि तीनों तस्करों के पास से बरामद चरस की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 3 करोड रुपए है। पुलिस के हत्थे चढ़े चरस तस्कर लवराज शर्मा, रमाधीरज ठाकुर व संयोग कुमारी ये नेपाल देश में बांके जिले के रहने वाले हैं।

### मैगलगंज पुलिस के द्वारा साइबर फॉड से कैसे बचे इस संबंध में नुक्कड़ नाटक कर लोगों को जागरूक किया गया



**द अचीवर टाइम्स रमेश चन्द्र**
**लखीमपुर खीरी।** पिरामल फाइनेंस और मैगलगंज पुलिस के द्वारा साइबर फॉड से कैसे बचे इस संबंध में नुक्कड़ नाटक कर लोगों को जागरूक किया गया नुक्कड़ नाटक के माध्यम से साइबर अपराधियों के जाल से कैसे बचे इसके प्रति लोगों को जागरूक किया गया कैसे साइबर अपराधी लालच देकर फायदा उठाते हैं इस बारे में जानकारी दी गई इस मौके पर कोतवाली मैगलगंज के क्राइम इंस्पेक्टर विजय मिश्रा मड़िया घाट चौकी इंचार्ज उप निरीक्षक गौरव कुमार कंप्यूटर ऑपरेटर अतुल यादव हेड कांस्टेबल गेंदा यादव महिला कांस्टेबल पिंकी सविता उपस्थित रही

# बुढापे में शांति धारीवाल की बुद्धि भ्रष्ट हो गए

## पहले दिन विधानसभा पहुंचे बाल मुकुंद आचार्य फिर बरस पड़े

- ❖ हवामहल विधायक बाल मुकुंद आचार्य कांग्रेस पर बरसे
- ❖ बोले - बुढापे में शांति धारीवाल की बुद्धि भ्रष्ट हो गए
- ❖ कांग्रेस पर जमकर साधा निशाना।

संवाददाता

**जयपुर।** जयपुर के हवामहल से विधायक बाल मुकुंद आचार्य ने कांग्रेस के सीनियर विधायक शांति धारीवाल पर हमला बोला है। आचार्य ने कहा कि पूर्व मंत्री और विधायक शांति धारीवाल की बुढ़ापे में बुद्धि भ्रष्ट हो गई है। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग आदमी को अब घर बैठकर णमोकार मंत्र का जाप करना चाहिए। जयपुर शहर की हवा महल सीट से पहली बार विधायक बने बाल मुकुंद आचार्य विधानसभा पहुंचते ही आक्रामक अंदाज में दिखे। उन्होंने कांग्रेस के सीनियर विधायक शांति धारीवाल पर हमला बोला है। आचार्य ने कहा कि पूर्व मंत्री और विधायक शांति धारीवाल की बुढ़ापे में बुद्धि भ्रष्ट हो गई है। वे कभी कहते हैं यह मर्दों का प्रदेश है और आज सदन के लिए कह रहे हैं कि भजन मंडली आ गई। आचार्य ने कहा कि उन्हें भजन से इतनी आपत्ति क्यों है, भजन अच्छी चीज है। भजन मंडली आ गई है तो भजन करेंगी, सत्संग करेंगी। 36 कौम को साथ लेकर सबका विश्वास जीतेंगी और प्रदेश का विकास करेंगी।



**घर बैठकर णमोकार का जप करना चाहिए**

भाजपा विधायक बाल मुकुंद आचार्य ने कहा कि धारीवाल की मति भ्रष्ट हो गई है। महिलाओं के साथ होने वाले दुष्कर्म के मामले में मर्दों वाला प्रदेश कहने में उन्हें जरा भी शर्म नहीं आई। आचार्य ने कहा कि बुजुर्ग आदमी को अब घर बैठकर णमोकार मंत्र का जाप करना चाहिए। इस तरह के गंदे शब्दों का इस्तेमाल करने के बजाय राम नाम का जाप करना चाहिए और भगवान के भजन करने चाहिए।

**जनता इन्हें डिलीट कर चुकी - बाल मुकुंद आचार्य**

कांग्रेस विधायक काली पट्टी बांध कर सदन में आए तो बाल मुकुंद आचार्य ने कहा कि ऐसा करके वे क्या संदेश देना चाहते हैं। प्रदेश में खुशी और प्रसन्नता का माहौल है। प्रदेश से कुशासन चला और सुशासन आ गया है। जनता इन्हें डिलीट कर चुकी है। अब तो समझना चाहिए। देवतुल्य जनता जब डिलीट कर चुकी है तो काली पट्टी बांधकर विरोध करने का क्या तुक है। आचार्य ने कहा कि आज हम प्रदेश के विकास के लिए संगठित हुए हैं। सदन में शपथ ग्रहण कार्यक्रम हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारा सपना है कि कांग्रेस मुक्त भारत बने, जितने भी दलों ने मिलकर गठबंधन किया है, वे महाठग हैं। उन्हें संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्तियों के प्रति कोई सम्मान नहीं है। लोकसभा सांसद पर की गई निलंबन की कार्रवाई के विरोध में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट सहित सभी कांग्रेसी विधायक काली पट्टी बांधकर विधानसभा पहुंचे थे। पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने शपथ लेने के तुरंत बाद डायस से ही सांसदों के निलंबन की निंदा करते हुए कहा कि प्रजातंत्र की हत्या किए जाने पर वे अपनी पार्टी की ओर से पुरजोर विरोध करते हैं। कांग्रेसी विधायक शांति धारीवाल ने व्यवस्था पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि विधानसभा सत्र शुरू होने पर सबसे पहले राज्यपाल का अभिभाषण होना चाहिए। 24 घंटे का नोटिस देकर अचानक सत्र बुला लिया। धारीवाल ने कहा यह कोई भजन मंडली है जो अचानक कह दिया कि शाम को आ जाओ।

# बिहार में BJP को जिताऊ उम्मीदवारों की तलाश

## JDU वाली सीटों पर खास तैयारी, जानिए पूरा प्लान

संवाददाता




**पटना।** बिहार में जनता दल (यूनाइटेड) वाली सीटों पर भारतीय जनता पार्टी की खास तैयारी है। इन सीटों के लिए जिताऊ उम्मीदवार परखे जा रहे हैं। 2019 लोकसभा चुनाव में जेडीयू ने 16 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज की थी। उसमें से भी सीतामढ़ी के सांसद सुनील कुमार पिंटू लगातार सीएम नीतीश कुमार के खिलाफ बयानबाजी कर रहे हैं। इंडिया गठबंधन की चौथी बैठक में भी नीतीश कुमार के संयोजक बनाए जाने को लेकर चर्चा नहीं हुई। दूसरी तरफ बिहार में भाजपा अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर अब प्रत्याशी तलाशने में जुट गई है। बीजेपी उन क्षेत्रों में कद्दावर और जिताऊ प्रत्याशी की तलाश में है, जिस संसदीय क्षेत्र में पिछले चुनाव में जदयू के प्रत्याशी विजयी रहे थे। पिछले लोकसभा चुनाव में जदयू, भाजपा और लोजपा साथ मिलाकर चुनाव लड़ी थी, जिसमें जदयू के 16 प्रत्याशी विजयी हुए थे और लोजपा के छह प्रत्याशी चुनाव जीते थे।

**भाजपा को जिताऊ उम्मीदवार की तलाश**

पिछले चुनाव में एनडीए 40 में से 39 सीटों पर जीत दर्ज की थी, एक सीट पर कांग्रेस के प्रत्याशी विजयी हुए थे। इस स्थिति में भाजपा की नजर उन 17 संसदीय क्षेत्रों पर है जो विरोधियों के कब्जे में है। पिछले चुनाव में जदयू के हिस्से में गई सीटों पर भाजपा की ओर से कई दावेदार हैं। लेकिन, भाजपा जिताऊ उम्मीदवार की तलाश में है।

**जेडीयू एमपी सुनील कुमार पिंटू बने बागी**


जदयू पिछले चुनाव में सीतामढ़ी सीट से सुनील कुमार पिंटू को प्रत्याशी बनाई थी। पिंटू हाल ही में जिस तरह जदयू और मुख्यमंत्री के खिलाफ बयानबाजी कर रहे हैं, ऐसे में तय है कि उनका जदयू से पत्ता साफ होगा।

**सहयोगी पार्टियों के लिए ज्यादा सीट नहीं छोड़ेगी बीजेपी**

ऐसे में संभावना है कि वे भाजपा की ओर आ सकते हैं। एनडीए में फिलहाल लोजपा (रामविलास), राष्ट्रीय लोजपा, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक जनता दल हैं। ऐसे में कहा जा रहा है कि भाजपा इस बार किसी भी स्थिति में अपनी सहयोगी पार्टियों के लिए ज्यादा सीट नहीं छोड़ेगी। ऐसे में भाजपा बिहार में विरोधियों के लिए मजबूत किलेबंदी की तैयारी में है।

# मथुरा आगरा के पर्यटकों को हेलीकोप्टर की सेवा से जोड़ने का शुभारंभ करेगे मुख्यमंत्री

संवाददाता



- ❖ जिलाधिकारी भानु चन्द्र गोस्वामी ने पुलिस आयुक्त के साथ,मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बटेश्वर में प्रस्तावित कार्यक्रम में संभावित आगमन के दृष्टिगत तैयारियों का लिया जायजा।
- ❖ पार्किंग व्यवस्था, मार्ग,बटेश्वर मंदिर व सांस्कृतिक संकुल परिसर का किया निरीक्षण, साफ सफाई,वॉल पेंटिंग,सड़क मरम्मत आदि ।
- ❖ पू.प्रधानमंत्री,भारत रत्न स्व. अटल जी के जन्मदिन पर 100 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं की मिलेगी आगरा को सौगात।
- ❖ तीन दिवसीय अटल कृषि मेला तथा कृषि प्रदर्शनी का होगा आयोजन


**आगरा।** जिलाधिकारी भानु चन्द्र गोस्वामी ब पुलिस आयुक्त पी सिंह के साथ, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बटेश्वर में प्रस्तावित कार्यक्रम में संभावित आगमन के दृष्टिगत तैयारियों का जायजा लिया तथा कार्यक्रम स्थल,पार्किंग व्यवस्था, सड़क .मुख्यमंत्री के आगमन के संभावित मार्ग,बटेश्वर मंदिर व सांस्कृतिक संकुल परिसर का निरीक्षण किया, जिलाधिकारी ने नालों की साफ सफाई,वॉल पेंटिंग,सड़क मरम्मत आदि विकास कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के संबंधित को कड़े दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बटेश्वर का भी निरीक्षण किया जहां उचित साफ सफाई न मिलने पर संबंधित को कड़ी फटकार लगाई तथा नियमित साफ सफाई कराने के निर्देश दिए। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी बाजपेयी के जन्मदिन के अवसर पर .मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संभावित आगमन 25 दिसंबर को बटेश्वर में प्रस्तावित है, मुख्यमंत्री द्वारा अटल बिहारी वाजपेयी सांस्कृतिक संकुल केन्द्र के भवन का लोकार्पण तथा परिसर में अटल जी की मूर्ति का अनावरण करेंगे तथा योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण करेंगे। परियोजनाएं संस्कृति व पर्यटन विभाग की है .मुख्यमंत्री आगरा व मथुरा के लिए हेलीपोर्ट सेवाओं के अंतर्गत हेलीकॉप्टर सेवा का शुभारंभ भी करेंगे। मुख्यमंत्री जनसभा को संबोधित करेंगे तथा तीन दिवसीय अटल कृषि मेला तथा कृषि प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे तथा लाभार्थियों को सम्मानित करेंगे। निरीक्षण में अपर जिलाधिकारी वित्त व राजस्व, यशवर्धन श्रीवास्तव,अपर जिलाधिकारी प्रशासन अजय कुमार, अपर जिलाधिकारी ना.आ., अपर जिलाधिकारी प्रोटोकॉल, संयुक्त निदेशक पर्यटन, उप निदेशक कृषि, उपजिला मजिस्ट्रेट,जिला पंचायत राज अधिकारी, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, जिला पंचायत , खंड विकास अधिकारी आदि।



# स्कूबा डाइविंग के शौकीन जरूर करें बाली की सैर

एडवेंचर्स लवर्स के लिए स्कूबा डाइविंग रोमांच का बेहतरीन तरीका है। वैसे तो देशभर में स्कूबा डाइविंग के लिए एक से बढ़कर एक रोमांचक जगह हैं लेकिन आज हम आपको इंडोनेशियां के खूबसूरत शहर बाली के बारे में बताने जा रहे हैं। अगर आप भी मरीन लाइफ को करीब से देखना चाहते हैं तो आपको बाली जरूर जाना चाहिए। चलिए आपको बताते हैं बाली में आप स्कूबा डाइविंग का कहां-कहां मजा ले सकते हैं।

**तुलमबेन बीचः** तुलमबेन बीच बाली में स्कूबा डाइविंग के लिए सबसे फेमस है। यहां साल भर विजबिलिटी काफी अच्छी रहती है। आप यहां डॉल्फिन, ऑक्टोपस, सनफिश और अन्य समुद्री जीवों को आसानी से देख सकते हैं। जापानी टॉरपिडो इस बीच का सबसे खास अट्रैक्शन में से एक हैं। दूसरे विश्व युद्ध के यह सब्मरीन डूब गया था, जो आज भी समुद्र में 30 मीटर गहराई में है।





**कैंडसा बीचः** पूर्वी बाली में स्थित इस बीच में स्कूबा डाइविंग के लिए बहुत सारे स्पॉट्स हैं। इसकी खास बात यह है कि इस बीच का पानी हमेशा ठंडा रहता है। ऐसे में कैंडीडासा बीच पर दो जगहें स्कूबा डाइविंग के लिए सबसे ज्यादा मशहूर हैं-अमुक खाड़ी और कैन्यन।

**मेन्जंगन द्वीपः** बाली के इस द्वीप पर स्कूबा डाइविंग करने के लि आपको परमिट लेना पड़ेगा। चार हजार हेक्टेयर में फैला यह आइलैंड बाली नैशनल पार्क का हिस्सा है। यहां आप मरीन लाइफ और रीफ्स को आसानी से देख सकते हैं। बाली में एडवेंचर का मजा लेने के लिए यह भी बेस्ट ऑप्शन है।

**पेमूटरन बेः** यहां दुनिया का सबसे बड़ा आर्टिफिशल रीफ प्रॉजेक्ट स्थित है। 2 हेक्टेयर तक फैले इस बीच में डाइविंग का अलग ही मजा है। यहां मौजूद आर्टिफिशल रीफ गार्डन इस बीच की सबसे बड़ी खासियत है। पानी के अंदर मौजूद इस गार्डन में देवी-देवताओं की मूर्तियां हैं, जिन्हें देख आपका दिल खुश हो जाएगा। समुद्र की सतह से 36 मीटर नीचे आप अन्य समुद्री जीव जैसे कि केंकड़ा और फ्रॉग फिश देख सकते हैं।





# सूरज की रोशनी में बेबी बंप फ्लॉन्ट करती आई नजर



साउथ अभिनेत्री काजल अग्रवाल और उनके पति गौतम किचलू जल्द ही अपने पहले बच्चे के माता-पिता बनने वाले हैं। अभिनेत्री की प्रेग्नेंसी को लेकर बीते कई समय से खबरें सामने आ रही थी। साउथ अभिनेत्री काजल अग्रवाल और उनके पति गौतम किचलू जल्द ही अपने पहले बच्चे के माता-पिता बनने वाले हैं। अभिनेत्री की प्रेग्नेंसी को लेकर बीते कई समय से खबरें सामने आ रही थी। हालांकि इस कपल ने नए साल पर इस बारे में खुलासा करते हुए फैंस को जानकारी दी थी। इन दिनों दुबई में दिन गुजार रहीं एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ खूबसूरत तस्वीरें शेयर की हैं। सामने इन तस्वीरों में काजल अपना बेबी बंप फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। वहीं अभिनेत्री की यह तस्वीरें उनके फैंस को बेहद पसंद आ रही हैं। इंस्टाग्राम पर इन तस्वीरों को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा, सूरज की रोशनी मेरे चेहरे को कोमलता से छूते हुए। इन तस्वीरों पर अभिनेत्री के फैंस जमकर लाइक और कमेंट कर रहे हैं। काजल अग्रवाल की इस तस्वीर को अब तक 6 लाख 22 हजार से ज्यादा लोग लाइक कर चुके हैं। वही फैंस इस पर तरह- तरह के कमेंट्स भी करते नजर आ रहे हैं। फोटो पर कमेंट करते हुए एक यूजर ने लिखा, 'हे भगवान सुंदरी।' एक अन्य प्रशंसक ने लिखा, 'बहुत सुंदर।' वहीं एक अन्य फैन ने लिखा, 'आपके गर्भ के अंदर बच्चा, बधाइयां।' इतना ही नहीं एक यूजर ने काजल की तस्वीर पर काफी दिलचस्प कमेंट किया। काजल को आशीर्वाद देते हुए प्रशंसक ने लिखा, 'मैं आपको विजय देवरकोंडा जैसा बच्चा होने का आशीर्वाद देता हूं।'

बीते कई समय से जारी प्रेग्नेंसी के अफवाहों पर विराम लगाते हुए अभिनेत्री काजल और उनके पति गौतम ने अपनी एक तस्वीर शेयर करते हुए 1 जनवरी फैंस के साथ यह खुशखबरी साझा की थी इस तस्वीर में अपना बेबी बंप फ्लॉन्ट करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, नई शुरुआत के लिए मैं अपनी आंखें खोल रही हूं। हैप्पी न्यू ईयर। साल 2021 की बहुत आभारी हूं। नए साल में दया और प्यार के साथ प्रवेश करते हुए।


वर्क फ्रंट की बात करें तो काजल प्रेग्नेंसी के बाद से ही फिलहाल ब्रेक पर है और फिल्मों की शूटिंग नहीं कर रही हैं। हालांकि वह पहले कुछ फिल्मों की


# अमेरिका के टूर पर निकलेंगे आयुष्मान खुराना, आठ शहरों में आयोजित करेंगे म्यूजकि इवेंट




नई दिल्ली। आयुष्मान खुराना अपने अभिनय के साथ-साथ अपनी गायिकी के लिए भी जाने जाते हैं। एक्टर को संगीत से बेहद लगाव है। फिल्मों और शूटिंग की व्यस्तता के बीच भी वह इस शौक के लिए वक्त निकाल ही लेते हैं और अपने गानों पर काम करना जारी रखते हैं। एक्टर इन दिनों अपने अमेरिका टूर को लेकर चर्चा में हैं। जुलाई में आयुष्मान खुराना अमेरिका के आठ शहरों की यात्रा करेंगे। इस दौरान वह इन शहरों में म्यूजिकल इवेंट्स के जरिए अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। आयुष्मान इस साल जुलाई और अगस्त में अमेरिका में डलास, सैन जोस, सिएटल, वाशिंगटन डीसी, न्यू जर्सी, अटलांटा, ऑरलैंडो और शिकागो के साथ-साथ कनाडा में टोरंटो का दौरा करते नजर आएंगे। अपने इस टूर को लेकर आयुष्मान बेहद उत्साहित हैं। हाल ही में वह इस पर बात करते नजर आए। आयुष्मान खुराना का कहना है, म्यूजिक ने मुझे अनगिनत लोगों के साथ जुड़ने में मदद की है। मैं लगातार अपने लाइव कॉन्सर्ट का इंतजार करता हूं, क्योंकि मुझे इससे सीधे तौर पर लोगों से जुड़ाव महसूस होता है। मैं शुक्रगुजार हूं कि दुनिया अब कोरोना महामारी से उबर गई है। हम फिर से ऐसे काम कर पा रहे हैं, जो लोगों से जुड़ने में मदद करते हैं। मैं अपने लाइव कॉन्सर्ट्स को मिस कर रहा था, क्योंकि एक एंटरटेनर के तौर पर मैं सिर्फ अपनी फिल्मों और म्यूजिक के जरिए खुशियां बांटना चाहता हूं। मुझे लग रहा था कि मुझसे यह मुझसे छीन लिया गया है।

# नवंबर की छुट्टियां में दोस्तों संग सस्ते घूम आए ये छह खूबसूरत जगहें







घूमने के शौकीन किसी भी पल सैर के लिए निकल पड़ते हैं। वहीं नवंबर का पहला सप्ताह त्योहारों के साथ छुट्टियों से भरा हुआ होगा। इस दौरान 4 को दिवाली, 5 को गोवर्धन पूजा, 6 नवंबर को भाई दूर तो 7 नवंबर को रविवार की छुट्टी होगी। ऐसे में आप चाहे तो इन 4 दिनों के लिए कहीं घूमने के मिनी ट्रिप प्लान कर सकते हैं। आप इस दौरान दोस्तों व पार्टनर के साथ 10,000 रुपए के बजट में आसानी से घूम सकती है।

## तीर्थन घाटी (हिमाचल प्रदेश)

भारत में बसा हिमाचल प्रदेश खूबसूरती से भरा हुआ है। यहां पर स्थित तीर्थन घाटी धरती पर स्वर्ग का एहसास करवाती है। यह हिमालय नेशनल पार्क से करीब 3 किलोमीटर की दूरी पर है। बता दें, यह खूबसूरत जगह पर्यटकों द्वारा ट्राउट मछली के लिए लोकप्रिय है। आप यहां पर 10,000 में आसानी से घूमकर अपनी छुट्टियां एन्जॉय कर सकते हैं।

बीर बिलिंग (हिमाचल प्रदेश)

आप हिमाचल के बीर बिलिंग में भी घूमने जा सकते हैं। दोस्तों व पार्टनर के साथ घूमने के लिए यह बेस्ट जगह मानी गई है। बीर बिलिंग पैराग्लाइडिंग, ट्रेक या मेडिटेशन के लिए देशभर में मशहूर है। यहां पर आपको तिब्बती संस्कृति की झलक भी देखने को मिलेगी। आप यहां पर 10,000 रुपए के बजट में मिनी ट्रिप आसानी से प्लान कर सकते हैं।

## मुक्तेश्वर (उत्तराखंड)

देव भूमि उत्तराखंड में स्थित मुक्तेश्वर प्राकृतिक नजारों से भरा गांव है। यहां पर लोग खासतौर पर ट्रेकिंग, पैराग्लाइडिंग, बाइकिंग, राफ्टिंग का मजा लेने आते हैं। ऐसे में अगर आप भी एडवेंचर के शौकीन है तो यहां घूमने का जा सकते हैं।

## रानीखेत (उत्तराखंड)

घूमने के लिए उत्तराखंड बसा रानीखेत भी टूरिस्ट द्वारा बेहद लोकप्रिय है। नेचर लवर्स के लिए रानीखेत बेस्ट प्लेस मानी जाती है। आप नवंबर में यहां पर छुट्टियां बिता सकते हैं। रानीखेत में आप पैराग्लाइडिंग, बाइक राइडिंग, राफ्टिंग का मजा ले सकते हैं। इसके साथ ही यहां पर स्थित झूला देवी मंदिर के दर्शन भी कर सकते हैं।


## माउंट आबू (राजस्थान)

अगर आप राजस्थान या इसके






# पार्टनर के साथ क्वालिटी टाइम बिताने के लिए बेस्ट रहेंगी ये जगह



घूमने का तो लगभग हर किसी को शौक होता है। मगर अक्सर लोग बजट हिल ना जाने के कारण परेशान रहते है। ऐसे में आज हम आपको भारत की 3 खूबसूरत व रोमांटिक जगहों के बारे में बताते हैं जो पार्टनर के साथ क्वालिटी टाइम बिताने के लिए एकदम परफेक्ट रहेगी। यहां पर आप पार्टनर के साथ रोमांटिक पलों को एन्जॉय कर सकते हैं। साथ ही ये ट्रिप बजट में भी रहेंगे।

पार्टनर के साथ घूमने के लिए हिमाचल प्रदेश का कसोल एकदम परफेक्ट रहेगा। यह एक छोटा सा मगर खूबसूरत हिल स्टेशन है। मगर आपको यहां पर हर तरह की सुविधा आसानी से मिल जाएगी। आबादी कम होने से आप यहां पर शांति से पार्टनर के साथ रोमांटिक पलों एन्जॉय कर सकते हैं। ऐसे में आप अपने इस रोमांटिक ट्रिप को बजट में प्लान कर सकती है। मुंबई में रहने वाले लोग पार्टनर के साथ रोमांटिक शाम बीताने के लिए जुहू बीच का प्लान कर सकते हैं। यहां पर आप पार्टनर के साथ क्वालिटी टाइम बीताने के साथ खूबसूरत शाम का मजा ले सकते हैं। यहां शाम के समय आप पार्टनर के साथ समुद्र के किनारे घूमने का लुत्फ उठा सकते हैं। यकीन मानिए यहां पर सनसैट का नजारा आपको बेहद ही पसंद आएगा। इसके अलावा अगर आप मुंबई के आसपास रहते हैं तो भी यहां घूमने जा सकते हैं। इसके लिए आपको ज्यादा खर्च करने की जरूरत भी नहीं पड़ेगी।



पार्टनर के साथ घूमने के लिए आप दक्षिण भारत का प्लान कर सकती है। आप केरल में पार्टनर के साथ क्वालिटी टाइम बीता सकते हैं। यहां पर आप चारों ओर हरियाली व नारियल के पेड़ को देखने और यहां तस्वीरें खींचवाने का मजा ले सकते हैं। यहां पर ट्री हाउस व हाउस बोट पर पार्टनर के साथ टाइम स्पेंड करने की बेस्ट जगह रहेगी। ऐसे में आप बजट में आपनी छुट्टियों का मजा ले सकते हैं।

स्वामी, प्रकाषक, मुद्रक विवेक श्रीवास्तव द्वारा ओम साई क्रियेषन्स, आषा काम्पलके स, इन्दिरा नगर लखनऊ से मुद्रित एवं पहला तल, निधि काम्प्लेक्स, विकास नगर लखनऊ (उ0प्र0) से प्रकाषित।
RNI No.UPHIN/2015/6090 सम्पादक- विवेक श्रीवास्तव, फोन नं0- 8004949556, 7570901365 Email. info@theachievertimes.com किसी भी वाद विवाद का निस्तारण लखनऊ न्यायालय ही मान्य होगा।

समाचार-पत्र का मुख्य उद्देय ग्रामीण भारत का सत प्रतिशत मीडिया कवरेज कर समाज में फैला भ्रष्टाचार सामाजिक बुराइयों एवं कुरीतियों को अपने स्तर पड़ताल करके सम्बन्धित उच्चअधिकारियों को ध्यानकर्षण कर उन्हें समाप्त कराना है।